




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 112 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 04 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# आम बजट 2025 : छत्तीसगढ़ में रेलवे डेवलपमेंट के लिए मिले 6,925 करोड़ रुपए

### ■ वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने जताया आभार, बोले- नई ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एक फरवरी वित्तमंत्री निर्मला सीता रमन ने आम बजट पेश किया। इसके साथ ही रेलवे के डेवलपमेंट के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया। नई व विकसित ट्रेनों की श्रृंखला बढ़ाने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास के लिए भारत सरकार के रेल बजट में इस बार 6925 करोड़ रुपए मिले हैं।

भारतीय रेलवे द्वारा प्रस्तुत बजट 2025- 26 में छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास कार्यों के लिए ऐतिहासिक निवेश किया गया है, जिससे राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे छत्तीसगढ़ रेलवे का बेहतर विकास होगा। वहीं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रेलवे को मिले निवेश के लिए केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। ओपी चौधरी ने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास होगा, कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। रेल बजट में अलॉट की गई है राशि छत्तीसगढ़ में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, रेल लाइन को दोहरा करने, अलग-अलग जगह पर पुल बनाने में खर्च होगी।




### 6,925 करोड़ रुपए के निवेश से होंगे यह कार्य

छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास के लिए 6,925 करोड़ रुपए के निवेश से कई कार्य होंगे। वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के बाद तहत जिन स्टेशनों का रिडेवलपमेंट वर्क हो रहा है उसमें खर्च होंगे। इसेक अलावा नई ट्रेनों के साथ ही रेल लाइनों के दोहरीकरण व अन्य विकास कार्यों में उक्त बजट खर्च किया जाएगा। इस बजट से छत्तीसगढ़ में रेलवे के इस ऐतिहासिक विकास से यात्री सुविधाओं में जबरदस्त सुधार होगा और राज्य में आर्थिक एवं औद्योगिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ में रेलवे के कार्यों पर एक नजर

- पिछले 11 वर्षों में 1,125 किमी नई पटरियों का निर्माण।
- छत्तीसगढ़ का 100% रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत, पिछले 11 वर्षों में 350 किमी विद्युतीकरण।
- वर्तमान में चल रहे 26 परियोजनाओं में 2,768 किमी नई रेल पटरियां, कुल नई डबल लाइन की नई परियोजना (37 किमी, 1,360 करोड़)
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,672 करोड़ की लागत से हो रहा 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण
- 1,105 रूट किलोमीटर में कवच सुरक्षा प्रणाली स्वीकृत, 365 रूट किलोमीटर में कार्य प्रगति पर।
- 463 करोड़ रुपए से किया जा रहा रायपुर स्टेशन का आधुनिकी करण, निर्माण जारी।
- 456 करोड़ की लागत से दुर्ग स्टेशन के पुराने स्ट्रक्चर को हटाकर नया निर्माण कार्य प्रगति पर।
- 435 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर रेलवे स्टेशन भवन की बैरिकेडिंग पूरी यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य जारी।
- 148 रेल पुल और अंडरब्रिज बनाए गए।
- 119 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा।
- 20 लिफ्ट और 8 एस्केलेटर स्थापित।
- 5 जिलों को जोड़ने वाली 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन।

## खास-खबर

### कांग्रेस नेता ने चुनाव अधिकारी को दी धमकी, गिरफ्तार

**पेंड्रा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन गौरेला में एक कांग्रेसी नेता की दबंगई का मामला सामने आया है। कांग्रेस नेता गजरूप सिंह सलाम ग्राम पंचायत मेढ़ूका में बने एआरओ कार्यालय पहुंचे और निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी पंच पद के लिए अपने किसी समर्थक का नामांकन जमा करने चुनाव अधिकारी पंचायत सचिव पर दबाव बनाने लगे। जब उन्हें पंचायत सचिव ने बताया कि समय बीत गया है और नामांकन जमा नहीं हो सकेगा तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया और गाली गलौच देते हुए सबको देख लेने की धमकी देने लगे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बता दें कि गजरूप सिंह सलाम के भाई की पत्नी नेहा सलाम को कांग्रेस ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से अपने प्रत्याशी बनाए जाने का समर्थन भी दिया है। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कांग्रेसी नेता किस प्रकार देख लेने की धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं अपने भाई की पत्नी के जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष बनने का दावा करते हुए अधिकारियों को देख लेने की चेतावनी दे रहे हैं। वहीं वहां मौजूद पुलिस के जवान कुलदीप चतुर्वेदी ने हंगामा मचाने वाले नेता को अपने साथ गौरेला थाना ले गए।

### रायपुर- जबलपुर हाईवे में बड़ा हादसा, ट्रक चालक नाजुक

**कवर्धा।** कवर्धा जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है। एक तेज रफ्तार ट्रक की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हुई है। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रक का चालक दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, , जबलपुर से मटर भरकर ट्रक रायपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान रायपुर जबलपुर नेशनल हाइवे 30 पर ट्रक ने गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा पौड़ी बायपास के हुआ है। पौड़ी चौकी पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### खमतराई में दो ट्रक की भिड़ंत

**रायपुर।** सुबह राजधानी रायपुर में हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह तेज़ रफ़्तार दो ट्रक की भिड़ंत हो गई। सिलिंडर से लोडेड ट्रक, मालवाहक ट्रक से जा भिड़े। गोंदवारा जिओ पेट्रोल पंप के सामने रिंग रोड नंबर 2 में यह घटना हुई। बड़ा हादसा नहीं हुआ। मौके पर पहुंच खमतराई पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### नगरीय निकाय चुनाव 2025: भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र

# महिलाओं के नाम दर्ज संपत्तियों पर प्रापर्टी टैक्स में 25 फीसदी की छूट, पट्टा धारक भी बनेंगे भू स्वामी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में निकाय चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया है। रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने प्रेस वार्ता में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। भारतीय जनता पार्टी ने इसे अटल विश्वास पत्र नाम दिया है। विश्वास पत्र में भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकायों के लिए कई बड़े वादे किए हैं। विशेष रूप से घोषणा पत्र में ऐलान किया गया है कि महिलाओं के नाम दर्ज संपत्तियों पर प्रापर्टी टैक्स में 25 फीसदी की छूट मिलेगी। साथ ही पट्टाधारी भी भू स्वामी बनेंगे।

इस मौके पर प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव - 2025 में भारतीय जनता पार्टी के लिए दिया आपका हर एक वोट, छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की असली ताकत बनेगा। हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ प्रदेश को समृद्धि और सुख-शांति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भाजपा सरकार ने निरंतर प्रयास किया है। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार ने जो कार्य किए हैं, वे सबके सामने है। हमने विकास, स्वच्छता और पारदर्शिता में नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीएम साय ने कहा पिछले पांच वर्षों में हमारे नगरीय निकायों में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिख दिया। केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई। इन योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन में कांग्रेस सरकार ने हमेशा रोड़े अटकाए, जिससे जनता को उनका पूरा लाभ नहीं मिल पाया।




### मूल्यवान सुझावों और अपेक्षाओं के आधार पर तैयार हुआ विश्वास पत्र

सीएम साय ने कहा कि नगरीय निकायों के समग्र विकास के लिए हमने जो विश्वास पत्र तैयार किया है, वह आपके मूल्यवान सुझावों और अपेक्षाओं के आधार पर है। हमारा प्रमुख उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि उन योजनाओं को साकार रूप में लागू कर, नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हम दृढ़ संकल्पित हैं। अब समय आ गया है कि भाजपा की सत्ता को स्थानीय निकायों में भी मजबूत करें, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का हर नागरिक को पूरा लाभ मिल सके। इस नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को चुनकर, केंद्र और राज्य के बाद अब निकायों में भी जनसेवा का अवसर दें। हम आपके सहयोग से नगरों को भी विकास की नई दिशा में ले जाएंगे, और हर गली, हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचाएंगे। हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।

### यह है बजट की खास बातें

- निकाय क्षेत्र में नजूल भूमि के साथ सभी पट्टा धारकों को भूमि स्वामी बनाया जाएगा।
- 3 लाख पीएम आवास योजना को पूरा करेंगे।
- बिजली बिल और समेकित कर जो देते हैं उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी।
- हर महीने 7 तारीख से पहले संपत्ति कर जमा करने वालों को 10% की छूट दी जाएगी।
- हर नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना होगी।
- यूपीएससी मैंस पास करने वाली उम्मीदवारों को 1 लाख दिए जाएंगे।
- हर नगरी निकाय में व्यावसायिक केंद्र में बिजली सड़क शौचालय पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जाएंगे।
- बाजारों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधा का विस्तार होगा।
- छत्तीसगढ़ के सभी स्कूल और कॉलेज में मुफ्त वाईफाई लगाया जाएगा।
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम सम्मन निधि से 30000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी।
- स्मार्ट बेंडिंग जॉन फूड स्ट्रीट की स्थापना की नीति बनेगी सड़क पर व्यापार को बढ़ावा देंगे।
- बिना जुर्माना या ब्याज लगाये पुराने संपत्ति कर को एक मुफ्त निपटाया जाएगा।
- स्कूल और कॉलेज में छात्रों के लिए फ्री सैनिटरी पैड की व्यवस्था।
- शिव सहायता समूह बनाए जाएंगे हर नगर निगम में बर्तन बैंक होगा।
- महतारी वंदन योजना की महिलाओं को ढाई लाख रुपए तक का ऋण और फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी।।
- यूजर चार्ज का युक्त युक्तिकरण किया जाएगा। हर घर में कचरा बाल्टी दी जाएगी।
- स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया जाएगा जिससे रात को भी सफाई होगी।
- माय सिटी मोबाइल ऐप होगा लॉन्च इसमें नगर निगम की सीमाएं ऑनलाइन होगी।
- हर जोन में एक सेवा केंद्र बनाया जाएगा ताकि बार-बार नगर निगम दफ्तर ना जाना पड़े।।
- निगम क्षेत्र में जरूरत के अनुसार पानी टंकियां बनेगी, नगर निगम क्षेत्र में सीकिल सेल स्क्रीनिंग केंद्र बनाए जाएंगे।
- हर नगर निगम क्षेत्र में गोकुल नगर बनाए जाएंगे ताकि गोवंश संरक्षण देखभाल और उनके रहने का बंदोबस्त हो सके।
- कारों दो पहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग का इंतजाम।
- सभी नगर निगम इलाकों में सार्वजनिक स्टडी सेंटर शुरू किया जाएगा।

# पावर हाउस फ्लाईओवर के नीचे रेत से भरी हइवा पोल से टकराई

### तीन घंटे तक फंसा रहा ड्राइवर, एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में भिलाई पावर हाउस स्थित फ्लाईओवर से नीचे रेत से भरी हाइवा अनियंत्रित होकर पोल से टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाइवा का सामने का हिस्सा पोल से बुरी तरह फंस गया। वहीं चालक व हेल्पर हाइवा के अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर छावनी पुलिस व एसडीआरएफकी टीमें पहुंची। हेल्पर को कुछ देर में निकाल दिया गया लेकिन ड्राइवर फंसा रहा। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद चालक को निकाला गया।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 नंदिनी रोड़ की ओर रेत से भरी हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीएन 2697 आ रही थी। सुबह लगभग 8:30 से 9 बजे के बीच फ्लाईओवर से उतरते समय रांग साइड पर अनियंत्रित होते हुए हाइवा लोहें के मजबूत पोल से टकराई। पोल तो टूटा नहीं लेकिन हाइवा के ड्राइवर वाला हिस्सा बुरी तरह से फंस गया। इसमें ड्राइवर व हेल्पर फंस गए।




आसपास के लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो आवाज इतनी जोरदार थी कि दूर तक सुनाई दी। आवाज सुनकर पुलिस भी मौके पर पहुंची गई। हादस के बाद इसमें ड्राइवर व हेल्पर दोनों फंस गए थे। हेल्पर को किसी तरह निकाला गया। ड्राइवर स्टेरिंग के बीच में ही फंसा रहा। इसे निकालने के लिए गैस कटर भी मंगाया गया है। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को निकाला गया और उसे अस्३पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि हाइवा ने एक बाइक सवार को भी ठोकर मारी है जिसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जिस जगह पर हादसा हुआ वह सीएसपी कार्यालय से थोड़ी दूरी पर है। यदि पोल बीच में नहीं आता तो बड़ा हादसा हो जाता।

### भारी वाहन प्रतिबंधित फिर भी आवाजाही जारी

बता दें नंदिनी रोड से सेक्टर-1 को जोड़ने वाले इस फ्लाईओवर से भारीर वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। यह फ्लाईओवर केवल छोटे वाहनों के लिए है। इसके बाद भी फ्लाईओवर से भारी वाहनों की आवाजाही जारी है। लगभग एक माह पहले एक ट्रक सीएसपी कार्यालय की बाउंड्री वॉल तोड़कर घुस गया था। वह भी इसी फ्लाईओवर से होकर गुजर रहा था। छावनी थाना व सीएसपी कार्यालय लगे होने के बाद भी यहां भारी वाहनों की आवाजाही धड़ल्ले से जारी है और इन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती।

# बिलासपुर की भाजपा प्रत्याशी पूजा विधानी के ओबीसी जाति प्रमाण पत्र का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**बिलासपुर।** बिलासपुर नगर निगम से भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद की उम्मीदवार एल पदमजा ऊर्फ पूजा विधानी की ओबीसी जाति प्रमाण पत्र का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। बहुजन समाज पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी अकाश मौर्य ने हाईकोर्ट में तत्काल सुनवाई के लिए आवेदन किया है। हाईकोर्ट रजिस्ट्री ने आवेदन को पंजीकृत किया है। इसके साथ बीजेपी प्रत्याशी की मुश्किलें बढ़ने लगी है।



अर्जेंट हियरिंग में लगने के कारण मामले की जल्द हो सकती है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि उसके द्वारा भाजपा की महापौर की प्रत्याशी एल पदमजा विधानी के दस्तावेज आरओ से मांगे गए। लेकिन उसको दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया, इसलिए याचिका प्रस्तुत की गई है।

कांग्रेस ने भी उनके जाति प्रमाण पत्र को आंध्रप्रदेश का बताते हुए छत्तीसगढ़ में मान्य नहीं होने की बात कही थी। भाजपा की महापौर की प्रत्याशी ने अपने ओबीसी के जाति प्रमाण पत्र को 1995 में नयम से बनना बताया है।

# सोशल मीडिया पर क्या कर रहे बच्चे?

श्रीकंचनपथ




बच्चा और बचपन का जब-जब जिक्र होता है तब-तब प्रौढ़ावस्था में पहुंच चुके लोग पुरानी यादों में खो जाते हैं। वो अपने बचपन के दिनों को बड़ी शिद्दत के साथ याद करते हैं। तब खाने से ज्यादा आकर्षण खेल मैदान और दोस्तों का होता था। खेलने की इतनी जल्दी होती थी कि स्कूल ड्रेस में बस्ता लिये ही वो मैदान में पहुंच जाते थे। जिनका पहले घर जाना जरूरी होता वो भी घर पर बस्ता पटककर, ड्रेस चेंज करके मैदान में आ जाते थे। उनकी माताएं उन्हें कुछ खिलाने के लिए उनके पीछे-पीछे भागा करती थीं। दोस्तों की इस टोली में सुदामा और कृष्ण दोनों होते थे। स्टेटस कहीं भी आड़े नहीं आता था। सूरज ढलने से पहले घर लौटते। हाथ-मुंह धोकर पढ़ने बैठते। रात 9 बजे के आसपास भोजन करते और फिर सोने चले जाते। टीवी तो था ही नहीं, रेडियो पर भी उनकी दिलचस्पी का खास कुछ होता नहीं था। जरूरत भी नहीं थी। ग्रीष्म की छुट्टियों में गांव जाने के लिए बच्चे ही सबसे ज्यादा जिद करते थे। परिवार भी आपस में जुड़े हुए थे। यह एक ऐसी जीवन शैली थी जिसमें लोग शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी परिपक्व और मजबूत हो जाते थे। एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम स्वत: विकसित हो जाता था। इसके लिए अलग से पापड़ नहीं बेलने पड़ते थे। पर पिछले कुछ दशकों में इसमें बड़ा परिवर्तन आया। लोग हद से ज्यादा आत्मकेन्द्रित हो गए। कुनबे में परिवारों के बीच का कनेक्शन टूट गया। मनोरंजन के नए साधनों ने मोहल्ले की महिलाओं के दोपहर में साथ बैठकर हंसी ठिठोली करने पर भी पाबंदी लगा दी। अब कोई भी परिवार फुर्सत में किसी के यहां बैठने नहीं जाता। क्या बच्चा, क्या जवान और क्या बूढ़ा ङ्क अब सभी का वक्त सोशल मीडिया पर ही बीतता है। एक ही छत के नीचे रहने वाले चार लोगों में भी कभी-कभी बातचीत बंद होती है। बच्चे भाषण सुनकर नहीं सीखते। उन्हें परिवेश सिखाता है। वो जो देखते हैं, वही करते हैं। जब माता-पिता, दादा-दादी सभी सोशल मीडिया पर टाइम पास कर रहे हों तब अकेले बच्चों को कैसे दोष दिया जा सकता है? राजस्थान से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक विधवा ने अदालत से अपने बच्चों की कस्टडी हासिल की है। बच्चों के दादा-दादी पर आरोप है कि वे बच्चों की सही देखभाल नहीं कर पा रहे। बच्चे यूट्यूब पर रील्स बना रहे हैं। इससे पैसे भी आ रहे हैं। दादा-दादी ने भी आरोप लगाया है कि बच्चों के यूट्यूब चैनल को उनके नाना चलाते हैं। सभी रील्स बच्चों ने अपने नाना के घर पर ही बनाए हैं। अदालत ने मां को बच्चों का प्राकृतिक संरक्षक माना। पर यह किसी एक परिवार का मामला नहीं है। बच्चा चलना तो बहुत बाद में सीखता है पर स्मार्ट फोन पर कार्टून देखते हुए ब्रेकफास्ट, लंच-डिनर निगलना उसे पहले ही सिखा दिया जाता है।




संपादकीय

# कुछ समझ नहीं आ रहा, क्या हो रहा है

राजनीति में कई बार ऐसा दौर आता है जब एक राजनीतिक दल हारता चला जाता है तो उसको समझ नहीं आता है कि जीतने के लिए क्या किया जाए। क्या निरंतर हारने से दिमाग काम करना बंद कर देता है,सारी होशियारी खत्म हो जाती है।जीतने का कोई आइडिया काम नहीं आता है। सामने वाला नेता एक के बाद एक झटके देते रहता है, हर झटके से पार्टी ऊपर से नीचे तक हिल जाती है।नेता बोलने लायक नहीं रह जाते हैं,समझ में नहीं आता है कि आलोचना कैसे की जाए,पूरा देश वाह वाह कर रहा है, ऐसे में आलोचना कैसी भी की जाए, उसका कोई मोल नहीं रहता है।

> *मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया तो देश का मिडिल क्लास जितना ज्यादा खुश है, देश का विपक्ष व मोदी विरोधी उतने ही हतप्रभ हैं, यह क्या हो गया, ऐसा कैसे कर दिया, ऐसा होने की उम्मीद को नहीं थी। देश का मिडिल क्लास मतलब होता है कि देश का सबसे बड़ा वोट बैंक। कहा जाता है, माना जाता है कि देश का मिडिल क्लास मोदी के साथ है, वह मोदी के नाम पर वोट देता है। वह मांग कर रहा था, उसे खुश करने के लिए कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल मांग कर रहे थे कि सात लाख तक इनकम टैक्स नहीं लिया जा रहा है तो उसे बढ़ाकर दस लाख किया जाना चाहिए।*

पीएम मोदी कई बार देश को चौंकाने का काम करते है,इस बार मोदी ने यह काम वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को सौंप दिया था, उन्होंने अपने भाषण के आखिरी में यह घोषणा कर अब 12 लाख रुपए तक कोई इनकमटैक्स नहीं देना पड़ेगा, देश को चौंका दिया और मिडिल क्लास का दिल जीत लिया। कहां विपक्ष मांग कर रहा था कि दस लाख तक कोई टैक्स न लिया जाए, कहां सरकार ने 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं लेने की घोषणा कर दी है। इससे तो पूरे देश में मिडिल क्लास मोदी मोदी कर रहा है, इसका असर चुनाव में कैसे नहीं होगा, ज्यादा नही होगा तो थोड़ा तो होगा।

अब बजट पर राहुल गांधी,एम. खरगे से लेकर भूपेश बघेल तक कुछ भी क्यों न कहें। मोदी सरकार ने मिडिल क्लास का दिल जीत लिया है।इसका राजनीतिक लाभ चाहे दिल्ली विधानसभा चुनाव हो या छग का नगर निकाय पंचायत चुनाव कुछ तो असर होगा। भूपेश बघेल भले कहें कि बजट में छत्तीसगढ़ को कुछ नहीं मिला है,यह तो मिडिल क्लास विरोधी बजट है,छत्तीसगढ़ का मिडिल क्लास मोदी से खुश है तो भाजपा को वोट देगा ही। कांग्रेस के लोग भी भाजपा जीत रही है सोचकर उसमें शामिल होंगे ही।भूपेश बघेल को यह भी समझ नहीं आ रहा है कि कई बैठकों के बाद ठोंक बजाकर, नेताओं की सिफारिश पर पंचायत से लेकर मेयर तक के प्रत्याशी चुने गए हैं, वह चुनाव से नाम वापस क्यों ले रहे हैं।चुनाव मैदान से भाग क्यों रहे हैं। कांग्रेस में राहुल गांधी से लेकर भूपेश बघेल तक कहते हैं कि हम सरकार से नहीं डरते, फिर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव लड़ने से क्यों डर रहे हैं।

खबरों के मुताबिक एक दो जगह ऐसा होता तो समझ में आता है कि ऐसा गलत प्रत्याशी चुनाव की वजह से हो गया। खबरों के मुताबिक तो निकाय व पंचायत चुनाव में मतदान के पहले प्रत्याशियों के जीतने का सिलसिला शुरू हो गया है। भाजपा के 16 जिलों में 30 पार्षद बिना चुनाव लड़े जीत गए हैं,इसमें छह नगर निगम, छह नगरपालिका और 18 नगर पंचायत के पार्षद हैं।कई जगह नामांकन रद्द होने के कारण भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते हैं तो कई जगह कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के नामांकन वापस लेने के कारण भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते हैं।बसना नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से खुश्बू अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया गया, कांग्रेस से तुलसी गौतम बंजारा व आप से अमरीन इरफान प्रत्याशी थी। यहां तो कांग्रेस व आप दोनों के प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया है, शेष प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया, इससे खुश्बू अग्रवाल निर्विरोध चुनाव जीत गई हैं।

कांग्रेस जब प्रत्याशी चुनती है तो वह कहती है कि उसने चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी चुने हैं।लेकिन जब वही चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी नामांकन वापस लेकर भाजपा को जिता देते हैं,भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो भूपेश बघेल सहित कांग्रेस नेता यह नहीं कहते हैं कि यह हमारी गलती थी, हमने ही गलत आदमी को चुनाव लड़ने के लिये चुना था। भूपेश बघेल कहते हैं कि भाजपा हमारे प्रत्याशियों को डरा धमका कर, प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर अपने प्रत्याशियों को निर्विरोध जिता रही है। वह बारबार कांग्रेस कार्यकर्ताओं नेताओं के कहते हैं कि डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन उनके कहने का कोई असर नहीं होता है, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता डर जाते, बिक जाते हैं, भूपेश बघेल को समझ नहीं आ रहा है कि ऐसे में क्या किया जाए। क्या सत्ता नहीं रहने से नेता व कार्यकर्ता डरपोक हो जाते हैं,क्या सत्ता नहीं रहने पर नेता सही आदमी नहीं पहचान पाते हैं कौन बहादुर है, कौन डरपोक है। ऐसा कैसे हो जाता है कि जिसे पार्टी जीतने वाली प्रत्याशी समझती है,वह चुनाव लड़ने से मना कर देता है। नाम वापस ले लेता है। पार्टी की फजीहत कराता है।

# ट्रंप व मोदी की नीतियों में समानताएं अधिक विषमताएं कम

प्रो. लल्लन प्रसाद

**पिछली सदी में वैश्विकरण पर जोर था। वर्तमान में स्वदेशीकरण पर। दुनिया के अनेक देशों में अपना राष्ट्र, संस्कृति, विरासत, परंपराओं, उत्पाद और अपनी विचारधारा को प्राथमिकता दी जा रही है। यूरोप के अधिकांश देशों में राष्ट्रवादी पार्टियां, जिनमें बहुत सी हाल में बनाई गई हैं, सत्ता के करीब आ रही हैं। पश्चिम में सबसे अमीर देश अमेरिका और पूर्व में विकासशील भारत, दोनों में राष्ट्रवाद की नई लहर जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है। ट्रंप और मोदी, दोनों की नीतियों में समानताएं अधिक हैं, विषमताएं कम।**



ट्रंप अमेरिका पहले' और अमेरिका में उत्पादन' की नीति पर चल रहे हैं, तो मोदी मेक इन इंडिया' की नीति को बढ़ावा देने पर। अनधिकृत अप्रवासियों (माइग्रेंट्स) को दोनों ही देश के लिए खतरा मानते हैं। दोनों विश्व के बड़े जनतांत्रिक देश हैं किंतु अमेरिका में राष्ट्रपति की निर्णय लेने की संवैधानिक शक्ति भारत के प्रधानमंत्री से अधिक हैं। शपथ लेते ही ट्रंप ने अपनी नीतियों के कार्यान्वयन के लिए आदेशों की झड़ी लगा दी, जो भारत के प्रधानमंत्री के लिए संभव नहीं है। यूरोप में राष्ट्रवादी पार्टियां, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है, वर्षो से सत्ता में रही पार्टियों को चुनौती दे रही हैं। यह अप्रत्याशित घटना नहीं है। आर्थिक असुरक्षा, बढ़ती बेरोजगारी, नकारात्मक जीडीपी, मुक्त आयात एवं सामाजिक असंतुलन और विद्वेष को जन्म देता अप्रवासी प्रवाह इसकी पृष्ठभूमि में है।

नीदरलैंड के उच्च सदन में सबसे अधिक सीट इस बार दक्षिणपंथी फार्मर सिटीजन मूवमेंट पार्टी ने हासिल कीं। इंग्लैंड में टोरी पार्टी के अग्रणी उम्मीदवारों के साथ-साथ लेबर पार्टी के कुछ बड़े चेहरे भी राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ाने में लगे हैं। जर्मनी में थोड़ी अवधि को छोड़ कर 2010 के बाद से वामपंथी दलों की स्थिर सरकार नहीं बन पाई। वियना में राष्ट्रवादी फ्रीडम पार्टी का गठन सुर्खियों में रहा। यूरोपीय संघ ने इस पर प्रतिबंध तक लगाए। यूरोपीय संघ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इटली का नेतृत्व मेलोनी कर रही हैं, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है।

फिनलैंड में द फिंस गठबंधन सरकार में आई जिसका झुकाव राष्ट्रवाद की ओर है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों का प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी नेता मरीन ले पेन से कड़ा मुकाबला है। अप्रवासियों और बहुसंस्कृतिवाद की घोर विरोधी स्वीडन डेमोक्रेटिक पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। ग्रीस में दक्षिणपंथी पार्टियों का संगठन सत्ता में आया है। स्पेन में स्थानीय चुनाव में राष्ट्रवादी बॉक्स पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा। पोलैंड और हंगरी में राष्ट्रवादी पार्टियां पहले से सत्ता में हैं। इस्त्राइल में यहूदी, अरबों को खतरा मानते हैं। अप्रवासन का सबसे अधिक असर फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और ऑस्ट्रिया पर पड़ाहै, जहां पिछले दशकों में मुस्लिम आबादी में खासी वृद्धि हुई है। अधिकांश देशों में शरणार्थी बन कर पहुंचे मुस्लिम अप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्हें पहले तो इन देशों ने गले लगाया, उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई, किंतु सामाजिक-धार्मिक संतुलन आशातीत नहीं हो पाया, बढ़ते अपराधों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

पेरिस स्थित इंस्टीटयूट मोंटेगनेज की यूरोप प्रोग्राम की निदेशक जार्जिना राइट का मानना है कि राष्ट्रवादी पार्टियों का यूरोप में जागरण मुख्यधारा की राजनीति से लोगों की नाराजगी है, जिनके पास इन मुद्दों का जवाब नहीं है- खुली सीमा बॉर्डर और राष्ट्रीय पहचान, पारंपरिक मूल्यों में गिरावट, वैीकरण का विरोध और बेहतर भविष्य की गारंटी एवं सरकारों का नागरिकों की सुरक्षा और जिंदगी बेहतर बनाने वाले निर्देशों पर नियंतण्रका अभाव। अधिकांश यूरोपीय देश अप्रवासन की कड़ी नीति अपना सकते हैं। भारत सहित अन्य विकासशील एवं एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के गरीब देशों के लोगों का पश्चिम के विकसित देशों में अवैध रूप से जाना और कठिन हो जाएगा। अमेरिका में सबसे अधिक अवैध अप्रवासी उसके पड़ोसी देशों मैक्सिको, वेनेजुएला और ग्वाटेमाला से हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार भारत से 18,000 के अवैध प्रवासी अमेरिका में हैं।

अवैध अप्रवासन की समस्या से भारत पहले ही जूझ रहा है। 1970 के दशक में बांग्लादेश बनने के बाद से बांग्लादेशियों की घुसपैठ अब तक जारी है। 2007 में भारत के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री ने कहा था कि देश में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। 2014 में सीबीआई के एक पूर्व डायरेक्टर के अनुसार इनकी संख्या 5 करोड़ से ऊपर हो चुकी थी। देश के अधिकांश हिस्सों में बांग्लादेश के घुसपैठिए बड़ी संख्या में बस गए हैं, जिनके पास दलालों और स्थानीय नेताओं की मेहरबानी से नागरिकता संबंधी फर्जी दस्तावेज, राशन कार्ड भी हैं, सरकार की लोक कल्याण की योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। उन्हें बाहर निकालने की बात तो सरकारें करती रही हैं किंतु इच्छाशक्ति का अभाव है, और अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। प. बंगाल और असम की डेमोग्राफी को तो बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों ने बदल ही दिया है। दोनों राज्यों के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या मूल निवासियों से अधिक हो गई है। म्यांमार से आए रोहिंग्या की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ रही है। गृह मंत्रालय के अनुसार 40,000 से अधिक रोहिंग्या बिना दस्तावेज भारत में रह रहे हैं।

मुक्त व्यापार पर भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध विश्व व्यापार को प्रभावित कर सकते हैं। प्रतिबंधों का मुख्य कारण है अमेरिका का बढ़ता व्यापार घाटा-आयात में वृद्धि और निर्यात में कमी। चीन, भारत, ब्राजील और अन्य देशों, जो अमेरिका के बड़े व्यापारिक साझेदार हैं, पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी इन देशों के लिए अहितकर हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और अन्य संस्थाओं-विश्व व्यापार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि पर भी राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों का असर होगा। टैरिफ को लेकर इकतरफा नीति विश्व व्यापार संगठन के निर्देशों का उल्लंघन होगा। जलवायु परिवर्तन संबंधी पेरिस समझौते पर अमल करने से भी उन्होंने इनकार कर दिया है। उनकी फंडिंग नीति विश्व की कई बड़ी संस्थाओं को भी प्रभावित करेगी।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# आरएसएस नेताओं का विचित्र व्यवहार

शंकर शरण

जब हिन्दुओं पर सीधी चोट पड़ती है, तो संघ परिवार के नेता चुप रहते हैं। बयान तक नहीं देते। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने कहा है कि अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा जरूरी होती है। चाहे बंगलादेश के हिन्दुओं का दमन या मंदिरों का विध्वंस हो, अथवा भारत में भी बंगाल, जम्मू, आदि अनेक क्षेत्रों में उत्पीडन् या भेद-भाव हो। पूछने पर बेधड़क कहते हैं-हम ने हिन्दुओं का ठेका नहीं लिया है।'

किन्तु जब हिन्दू स्वत- अपने मुद्दे उठाते हैं जो धर्म-संस्कृति पर अतिक्रमण से जुड़े हों, शान्तिपूर्वक माँग भी करते हैं-तब संघ-परिवार के नेता उन के मालिक बन कर फटकारते हैं! बल्कि जो खुद किया हो, वही दूसरे हिन्दुओं के करने पर नाराज होते हैं। जैसे, हाल में संघ नेता ने कहा कि हिन्दू मंदिरों को तोड़ कर बनाई गई मस्जिदों के मामले उठाकर कुछ लोग नेता बनना चाहते हैं! उन्हें यह स्वीकार्य नहीं है। इस की इजाजत कैसे दी जा सकती है?

यह संघ नेताओं का विचित्र व्यवहार है। जहाँ उन से बोलने और कुछ करने की अपेक्षा की जाती है-वहाँ वे चुप रहते हैं। और जहाँ उन का कोई काम नहीं, वहाँ बढ़-चढ़कर स्वयंभू कोतवाल बनने लगते हैं! आम संघ स्वयंसेवक भी इस दोहरेपन पर अनजान लगते हैं। संघ नीतियों के अनुरूप ही किसी नेता के वक्तव्य पर कुछ स्वयंसेवक नाराज होते हैं! यह मानसिक दुर्दशा का संकेत है। आखिर, जगजाहिर रूप में तीन दशक पहले ही इस्लाम-आक्रमित मंदिरों से संघ-परिवार पल्ला झाड़ चुका है। अपनी ही रैली में रामजन्मभूमि-बाबरी ढाँचा टूटने (1992) के बाद उन्होंने उस की जिम्मेदारी से इन्कार किया था। तभी से पहले उठाए मंदिरों का मुद्दा उठाना भी छोड़ दिया। काशी-विश्वनाथ और मथुरा कृष्ण-जन्मभूमि जैसे महत्वपूर्ण मंदिर भी उस में शामिल हैं।

एक सर्वोच्च भाजपा नेता ने कोई दो दशक पहले ही कहा था, अयोध्या मुद्दा भुनाया जा चुका चेक है'। दलीय लाभ उठा लेने के बाद उन्हें अयोध्या में भी मंदिर से मतलब नहीं रह गया था! इसीलिए वह अदालत में अपनी चाल से जैसे-तैसे निपटा। इस खुले रिकॉर्ड के बावजूद कुछ लोग संघ परिवार पर अपनी भावनाएं आरोपित करते रहते हैं। यह भी नहीं देखते कि भाजपा ने किसी हिन्दू-विरोधी नीति के बनते, संविधान-कानून संशोधन होते कभी विरोध नहीं किया। 44 वें संशोधन से लेकर आज तक विविध अवसरों पर यही दिखता रहा है। हाल का सब से गंभीर उदाहरण 86वें संशोधन के बाद की दुर्गति है। शिक्षा का अधिकार कानून (2009) लागू करने में हिन्दुओं को वंचित कर केवल गैर-हिन्दुओं को कई सुविधाएं दी गईं!

फलत: देश में हिन्दुओं द्वारा चलाये जा रहे अनगिनत शिक्षा संस्थान बंद होते जा रहे हैं। क्योंकि हिन्दुओं द्वारा संचालित स्कूलों में प्रवेश, और फीस से? लेकर वेतन, आदि तमाम चीजों पर राजकीय नियम लादे गये। इस से उन पर नियमित बड़ा बोझ पड़ा। इस भार से वे सभी संस्थान मुक्त रखे गये, जिन्हें अ-हिन्दू चलाते हैं! ऐसा कानून साफ-साफ हिन्दुओं से अघोषित जजिया वसूलने जैसा स्थाई जुल्म है। पर इस पर और ऐसे अन्य अन्याय भी होते देख कर संघ परिवार सदैव चुप बना रहा है। निश्चय ही, उन्हें स्वयं अपने हिन्दू होने का बोध भी नहीं! ऐसे अबोध महानुभाव ही भारत के नेता हैं। इसीलिए, दशकों से संसद में मजबूत उपस्थिति रखते हुए भी उन्होंने कभी किसी हिन्दू-विरोधी नीतिगत फैसलों के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया। उलटे अपनी ओर से विशेष अल्पसंख्यक' योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में वे भी उत्साह से आगे रहे।

भाजपा के बड़े-बड़े नेता गर्व से इस के विवरण देते हैं।? जबकि पहले संघ-परिवार अन्य दलों के ऐसे ही काम को तुष्टिकरण' कहकर हिन्दुओं को उकसाता था! सो, संघ-परिवार का असल व्यवहार लंबे समय से यह है- गैर-हिन्दुओं को ठोस विशेष लाभ, तथा हिन्दुओं को केवल तमाशे, झुनझुने, और शेखी बघारने या डराने की बातें। यही करते हुए वे जनसंपर्क और चुनाव में अपने? लिए वोट माँगते हैं। भाजपा के अलावा भी संघ के संगठन अलग से गैर-हिन्दुओं के लिए योजनाएं चलाते रहे हैं। जैसे, मुस्लिम महिलाओं को पेंशन देना, मस्जिद मदरसों का निर्माण करना, कुरान का प्रचार करना, प्रोफेट मुहम्मद का जन्मदिन मनाना, इस्लाम के आलोचक विदेशी नेताओं के पुतले जलाना, आदि। उस तरह के काम उन्होंने तब किए जब अधिकांश मुस्लिम नेता उसे हिन्दू नेताओं की सदभावना' नहीं, बल्कि डरना समझते हैं।

उन में यह समझ विगत सौ सालों से पक्की जमी है। खलीफत जिहाद (1921) के समय देश भर में हिन्दुओं के संहार पर गाँधीजी द्वारा विचित्र, सिद्धांतहीन लीपापोती करने के समय से ही वह मानसिकता बनी कि हिन्दू नेता मुसलमानों से डरते हैं। इसीलिए मुस्लिमों के अनुचित कामों पर भी चुप रहते हैं। ऊपर से विशेष सुविधाएं देते रहते हैं! इस परंपरा के कारण ही सैयद शहाबुद्दीन ने चार दशक पहले भी कहा था, हिन्दू सेक्यूलरिज्म का पालन इसलिए करता है क्योंकि मुस्लिम देशों से डरता है। मुस्लिम नेता अपनी दबंगई और अलगाव छिपाते भी नहीं। पर संघ परिवार के नेता भी गाँधीजी की तरह सच्चाई से मुँह मोड़कर झूठी दलीलें देते हैं। जिस से मुस्लिम नेता अपने दंभ में आश्वस्त, मनमानी माँगें और उग्र बयानबाजी करते रहते हैं।

जबकि हिन्दू निरे नेतृत्वहीन रहते हैं। यह नेतृत्वहीनता आम हिन्दुओं का दोष नहीं, बल्कि उन से धन और वोट लेकर अपना उल्लू सीधा करने वाले संगठनों के विश्वासघात के कारण है। इस प्रकार, गाँधीजी से लेकर संघ-परिवार के नेताओं तक, एकतरफा मिल-जुल कर रहने' की दलील देकर हिन्दुओं से धोखा करके जजिया दिलवाया जाता है। यह हिन्दू नेतागण स्वेच्छा से करते रहे हैं। जबकि मुस्लिम नेताओं की मानसिकता, बोली, और गतिविधियाँ सदैव ऊँचे और अलग रहने की रहती है। इस एकतरफेपन का फल हिन्दुओं को अधिकाधिक वंचित करने में होता रहा है। जिसे संघ नेता सदभावना से रहना' कहते हैं, उस की असलियत मुस्लिम नेता बखूबी समझते हैं।

अत: संघ परिवार हिन्दू समाज की बुद्धिहीनता का इश्तिहार है। इसलिए संघ नेताओं की ऐसी चाह अनाधिकार चेष्टा है कि उन से पूछ-पूछ कर लोग अपनी माँग रखें। माँगों का औचित्य देखने के लिए संसद, कानून और न्यायालय हैं। संघ का इन तीन में तेरह बनना विचित्र व्यवहार है। बल्कि, इस्लामी अतिक्रमण के शिकार मंदिरों पर तो स्वयं महात्मा गाँधी ने कहा था कि मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदें गुलामी के चिन्ह हैं।' तब वह गुलामी तोडऩे की कोशिश सर्वथा उचित है, चाहे उस में जो समय? लगे। यह हर मस्जिद के नीचे मंदिर' ढूँढने जैसी बात नहीं। केवल उन स्थलों की है जहाँ मंदिर तोड़कर ठीक वहीं मस्जिद बनाई गई थी। उस में कोई धर्म-ईश्वर भावना न थी। वह राजनीतिक धौंस जमाने और हिन्दुओं को नीचा दिखाने का काम था।

इसीलिए वे गुलामी के चिन्ह' हैं, जिन की पहचान आसान है। कई स्थान स्वत- अतिक्रमित दिखते हैं। फिर, वैसी मस्जिदों के विवरण इस्लामी स्त्रोतों में ही मौजूद हैं। अत- संघ नेता मुसलमानों से कह सकते थे कि उन स्थानों को हिन्दू समाज को सौंप दें। पर इस के बजाए संघ नेता धिम्मी रुख रखते हैं। साथ ही, गिरगिटी भी जब हिन्दू भावना का दोहन कर फिर उसे उपेक्षित अपमानित करते हैं। आखिर, अयोध्या में राम-जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन में घुस कर, उस का राजनीतिकरण करके दलीय लाभ ले लेने के बाद उसे अपने हाल पर घिसटने छोड़ देना और क्या था? ऐसे दोहरेपन के बाद संघ नेताओं को कोई अधिकार नहीं कि वे अतिक्रमित मंदिरों पर उलटे उपदेश दें। यह अवसरवादिता और हिन्दुओं पर दोहरी चोट है। हिन्दू नेतृत्व छोड़िए, सच्चे राष्ट्रीय नेतृत्व के लिए भी यही उचित होता कि वह जीवित सभ्यतागत घावों को छिपाने के बजाय खुल कर सहज समाधान की पहल करे। उसे दलीय स्वार्थ नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य समझ कर सभी दलों, समूहों के विवेकवानों की सहायता ले। केवल दलबंदी, निजी हानि-लाभ, और श्रेय लेने-देने का क्षुद्र हिसाब इसे उपेक्षित करता रहा है।

वरना, मुस्लिम समाज में भी लोग हैं जो इसे हिन्दुओं की भावना के अनुसार तय करना ठीक समझते हैं। परन्तु गाँधीजी से लेकर आज तक संपूर्ण हिन्दू नेतृत्व में विवेक और साहस का अभाव रहा है। वे हर गंभीर कर्तव्य के समक्ष हीला-हवाला करना ही जानते हैं। इसीलिए संकट पड़ते ही हाथ खड़े कर देना और लफ्फाजी परोसना उन की प्रवृत्ति है। इसे ईमानदारी से स्वीकार करके ही कोई राह खोजी जा सकती है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# अरबपतियों की संख्या में इजाफा

**दुनिया भर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में दो हजार अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर पंद्रह अरब अमेरिकी डॉलर हो गई। 2023 की तुलना में यह तीन गुना है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले ऑक्सफेम इंटरनेशनल ने टेकर्स, नॉट-मेकर्स' शीर्षक से रिपोर्ट पेश की जिसके अनुसार 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है क्योंकि इसका 60 प्रतिशत अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठ-गांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है।**




ऑक्सफेम ने कहा कि दुनिया के सबसे समृद्ध लोगों की संपत्ति औसतन प्रति दिन लगभग दस करोड़ अमेरिकी डॉलर के हिसाब से बढ़ी। भारत में भी अरबपतियों की संख्या में इजाफा होते हुए उनकी कुल संख्या 185 हो चुकी है जिससे इस क्षेत्र में भारत तीसरे स्थान पर आ चुका है। अमेरिकी अरबपतियों की संख्या दिसम्बर में 835 थी जबकि चीन में 423 थी। हालांकि भारत में 185 में से 108 पब्लिकली लिस्टेड पारिवारिक बिजनेस हैं।

सरकारी आंकड़ों में गरीबी भले ही कम हो रही हो मगर विरोधाभास यही है कि गरीबी, बेरोजगारी और भरपेट खाने के अभाव में जीने वाले भी कम नहीं हैं। संयुक्त राट्र की रपट के अनुसार दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीने को मजबूर हैं। मुनाफाखोरी के चलते बड़ा वर्ग संपत्ति बटोरने में इस कदर जुटा है कि उन्हें घोर गरीबी और भुखमरी में जीने वालों के प्रति तनिक रुचि नहीं रही। हालांकि अरबपतियों में ऐसा वर्ग भी है जो अपनी संपत्ति का निश्चित हिस्सा दान करने का काम करता रहा है। फिर भी धन विभाजन के इस प्रचलित रवैये से समाज में पैदा हुए गहरे असंतुलन को संभालना नामुमकिन होता जा रहा है। दुनिया में 58 करोड़ नाबालिग घोर गरीबी में बताए जाते हैं जिनके प्रति इन अरबपतियों को संवेदनशील रुख अपनाना चाहिए न कि धन एकत्र कर अति समृद्धों की सूची का विस्तार कर पूंजी के गुणगान में जुट जाएं।

हकीकत से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि अरबपति उचित समय पर सटीक निर्णयों द्वारा धन बढ़ाने के प्रयास करते रहते हैं। विरासतन मिलने वाला धन कई गुणा होकर स्वत: ही वृद्धि करता रहता है। यह दौर यूं भी पैसों की चकाचौंध और धन के गुणगान का बन चुका है। ऐसे में अरबपतियों को समानता या धन विभाजन का पाठ पढ़ाया जाना मुमकिन नहीं लगता।

**( आरएनएस )**

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40 आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

विशाल ज्वेलर्स
BIS 916 100% Hallmarked
आभूषण लेना तो हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110




# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग


ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क – शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



## खास खबर

### नेटबॉल खेल में निर्णायक की भूमिका निभाने एस.मोहन राव बने नेशनल टेक्निकल ऑफिशियल

**भिलाई।** नेटबॉल फैडरेशन ऑफइंडिया ने छत्तीसगढ़ नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव मेंबर एवं नेटबॉल दुर्ग जिला सेक्रेटरी एस. मोहन राव को राष्ट्रीय टेक्निकल यूनिट में किया शामिल , मोहन राव ने जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का किया आभार । मोहन राव खुद एक युवा तेजतरार खिलाड़ी, छत्तीसगढ़ के सीनियर राष्ट्रीय स्वर्ण पदक खिलाड़ी एवं



सबसे प्रतिष्ठित सर्वोच्च राज्य स्तरीय पुरस्कार – शहीद राजीव पांडे अवॉर्ड हैं । लगातार प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने व राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कोच की भूमिका में अपना योगदान दे रहे हैं। यह खेल की स्पर्धा 7 फ़रवरी से 13 फ़रवरी 2025 तक उत्तराखंड के देहरादून स्थित कंचनजंगा इनडोर हॉल में महाराजा रा. प्र. सोप कॉलेज में होगी । अत: वे अपनी सेवा प्रदान करने एवं छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व उत्तराखंड में करने 3/02/2025 को दुर्ग जिला से रवाना होयेंगे । उनकी इस नियुक्ति पर छ:ग: प्रदेश एसोसिएशन की अध्यक्ष मीणा केरकेट्टा एवं महासचिव राजेश राठौर ने शुभकामनाएं दी एवं दुर्ग जिला से अब्बास आलम, विजय छलोत्रे, संतोष साहू, इमरान खान, मनोज साहू जी एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाईयां दिया ।

### नेहरू नगर चौंक को वर्टिकल गार्डन का किया जा रहा है संधारण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का नेहरू नगर प्रमुख चौंक में से एक है। नेशनल हाईवे होने के कारण सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव चौक पर रहता है। व्यस्ततम आवागमन के कारण वहां की आबो हवा अन्य जगहो की अपेक्षा प्रदुषित हो जाती थी। एक तरफबड़े-बड़े हैवी ट्रकों, बसों, मेटाडोर, ट्रेक्टर, ट्रेलर, मिनी बस, आटो, कार, दुबहिया वाहन इत्यादि वाहनो का आना-जाना लगा रहता है। बड़ते वायु, ध्वनि प्रदूषण के दबाव को रोकने के लिए वहां पर वर्टिकल गार्डन लगाया गया था। गाड़ियो से निकलने वाले घुआं, घुल, गर्म हवाओ के कारण जो पूर्व में वर्टिकल गार्डन लगाया गया था, उसमे से कुछ पौधे सूख गये थे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं उसका फोटो खींच कर संबंधित विभाग को भेजे। आज वर्टिकल गार्डन का संधारण किया गया। वर्टिकल गार्डन में जो पौधे लगते है, उसकी विशेषता होती है कि उनमें प्रदुषण को कम करने की तीव्र क्षमता होती है। इससे वह आस-पास के वातावरण को संतुलित रखना है। घुल, घुआं से भी ज्यादा प्रभावित नहीं रहता, इसके कारण नेहरू नगर चौंक से लेकर जहां-जहां फ्लाई ओवर के खम्बे है। उनके दोनो तरफ वर्टिकल गार्डन लगाया गया है। इससे निगम क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में और सुधार होगा। नगर की सुन्दरता भी बढ़ गई है। फूल खिलता है, तो लोगो के आकर्षण का केन्द्र रहता है। नगर निगम भिलाई के तरफ से ऐसे जगहो पर सेल्फी लेना प्रतिबंधित है। कई बार देखा गया है, कि लोग उत्साह में कुछ अलग करने के चक्कर में रोड़, डिवाईडर में खड़े होकर सेल्फी लेने लगते है। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

### 26 फरवरी को महाशिवरात्रि में निकलेगी बाबा की बारात... यह आयोजन का 17वां वर्ष

# बाबा की बारात का आमंत्रण देने घर-घर तक पहुंच रहीं है महिलाएं, लोगों में भारी उत्साह

## बोल बम एवं सेवा कल्याण समिति की टीम तैयारी में जुटी हुई है



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस बार बाबा की बारात में श्रद्धालुओं की भीड़ और भी ज्यादा उमड़ेगी। वजह साफहै, लोगों में भारी उत्साह और उमंग। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की महिलाएं कार्ड बांटने के लिए डोर-टू-डोर पहुंच रही हैं।

जिन्हें देख लोगों में उमंग और उत्साह दोनों है। समिति की महिला विंग की कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग इलाकों में आमंत्रण कार्ड देना शुरू कर दिया है। खुर्सीपार इलाके में कार्ड वितरण किया गया। जोन-1, जोन-2, जोन-3 इलाके के घर-घर और सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बाबा की बारात का आमंत्रण दिया गया है। आयोजक दया सिंह ने बताया कि, खुर्सीपार इलाके के सभी वार्डों में आमंत्रण कार्ड दिया जा रहा है। उसके बाद कैंप, टाउनशिप, सुपेला, आकाशगंगा, नेहरू नगर, स्मृतिनगर, दुर्ग, भिलाई-3 चरोदा, कुम्हारी, पाटन, उतई, अहिवारा समेत आसपास इलाकों में कार्ड वितरण किया जाएगा।

#### 23 को संगी संध्या...

आयोजन दया सिंह ने बताया कि 23 फरवरी दिन रविवार को संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जोन-2 दुर्गा मंदिर मैदान में आयोजित होगा। शाम 7 बजे से शहनाज अख्तर अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी।

#### बाबा की बारात में देखने को मिलेंगी ये झांकी

- आंध्रप्रदेश: श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों द्वारा प्रस्तुती होगी।
- श्री महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा, अघोर शमशान महाकाल विशेष प्रस्तुती।
- केरल प्रदेश- हनुमान भगवान का विशाल रुप, हंश पक्षी नृत्य डांस 2 लोगों द्वारा, शिव भगवान बूढ़ा नृत्य टीमों द्वारा होगा।
- छत्तीसगढ़- भजन सम्राट दूकालु यादव की संगीतमय प्रस्तुती।
- जबलपुर द्वारा ग्यारह विशाल झांकीयाँ भोले बाबा के दुल्हे के रुप मे दर्शन, समुन्द्र मंथन करते हुए देव दानव।
- बस्तर का कोया नृत्य की 40 लोगों के टीम द्वारा प्रस्तुती होगी।
- प्रकाश वैष्णव आर्ट राजनांदगांव व चिखली द्वारा भोलेनाथ द्वारा विषपान करते हुए नीलकंठ स्वरुप मनमोहक झांकी होगी।
- कृष्ण नरकासुर वध 35 फीट की झांकी, पताल लोक में नाग लोक का प्रनमोहक श्य, नरसिंग अवतार की विशाल झांकियां, राम दरबार कृष्णलीला, गणेश जी ठारा शुभ लाभ का जन्मदिवस मनाते हुए अदृभुमत दृश्य।
- बस्तर की भव्य मनमोहक झांकी
- छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से 21 झांकिया जिसमें 4000 से ज्यादा लोग राम रावण, विभीषण, भुत, पिसाच, राक्षसगण ठारा बाबा की बारात में नाचते गाते मनमोहक दृश्य झांकी स्वरुप।
- पावर जोन डी.जे. (राजनांदगांव वाले), हर्ष डी.जे.,शारद डी. जे., कुलवंत डी.जे., धन्नु बैण्ड धमाल पार्टी, शारद बैण्ड, दुर्गा बैण्ड पार्टी एवं राजस्थान के आतिशबाजी की विशेष प्रस्तुती।
- उत्तर प्रदेश की अखाड़ा की टीम, पंजाब से भांगड़ा की टीम उपस्थित रहेगी।
- धन्नु धुमाल नंदी स्वरुप विशाल बैंड, भिलाई, श्री निवास बैंड एण्ड धुमाल।

# बजट में मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और व्यापारियों के लिए कई बड़े फैसले: पीयूष जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अपना आठवां केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और व्यापारियों के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं, जो देश की आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और सशक्त करेंगे। सीए पीयूष जैन ने बताया कि मध्यम वर्ग के लिए यह बजट एक बड़ी राहत लेकर आया है। सरकार ने आयकर में बड़ी छूट देते हुए 12 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह कर मुक्त कर दिया है।



वहीं, वेतनभोगियों के लिए यह सीमा 12.75 लाख रुपये होगी, जिसमें 75,000 रुपये की मानक कटौती भी शामिल है। इससे लाखों करदाताओं को लाभ मिलेगा और उनकी बचत में वृद्धि होगी। करदाताओं की सुविधा के लिए नया कर स्लैब भी जारी किया गया है, जिसमें 12 लाख रुपये से अधिक आय वालों के लिए कर की दरें निर्धारित की गई हैं।

श्री जैन ने बताया कि किसान कल्याण के लिए भी इस बजट में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने 6 वर्षीय योजना के तहत दालों और कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने की घोषणा की है। किसानों को कम ब्याज दर पर कृषि ऋण मिलेगा और फूड प्रोसेसिंग एवं एग्री-स्टार्टअप्स को विशेष सहयोग दिया जाएगा। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त करने में मददगार साबित होगी।

उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने नई योजनाओं की घोषणा की है। स्टार्टअप्स और MSMEs को कर में छूट और सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। डिजिटल और टेक्नोलॉजी सेक्टर में निवेश बढ़ाकर नए रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। युवा कौशल विकास योजना के तहत तकनीकी और डिजिटल स्किल्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

श्री जैन ने बताया कि व्यापारियों और छोटे उद्यमों के लिए भी यह बजट महत्वपूर्ण है। स्स्स्थ की परिभाषा को विस्तारित करते हुए निवेश और टर्नओवर की सीमा को बढ़ा दिया गया है, जिससे अधिक व्यवसायी इस श्रेणी में आ सकेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। अब MSMEs को बिना गारंटी के 10 करोड़ रुपये तक का ऋ ण मिलेगा, जबकि स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित उद्योगों के लिए यह सीमा 20 करोड़ रुपये होगी। सरकार ने विशेष MSME ऋण कार्ड जारी करने की भी घोषणा की है, जिससे छोटे व्यापारियों को 5 लाख रुपये तक का त्वरित लोन मिल सकेगा।

इसके अलावा, सरकार ने वित्तीय अनुशासन को सरल और प्रभावी बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर टीडीएस छूट की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। किराए पर टीडीएस की सीमा भी 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दी गई है। वहीं, विदेश में पढ़ाई के लिए लिए गए ऋण पर कोई टीसीएस नहीं लगेगा, यदि यह सरकार द्वारा अधिसूचित वित्तीय संस्थानों से लिया गया हो।

श्री जैन ने बताया कि सरकार का लक्ष्य व्यापार और उद्योग को आसान बनाना है। औद्योगिक भूमि प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सरकार एक राष्ट्रीय भूमि बैंक विकसित कर रही है, जिससे निवेशकों को भूमि संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी।

पर्यावरण नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए एकीकृत पर्यावरण फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, सरकार एक नया जन विश्वास अधिनियम 2025 पेश करने जा रही है, जिसके तहत 100 से अधिक ऐसे नियम, जो पहले आपराधिक श्रेणी में आते थे, अब गैर-आपराधिक श्रेणी में लाए जाएंगे। यह बजट न केवल आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि प्रत्येक वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

# एमजे स्कूल भिलाई में ड्रॉइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का शानदार आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एमजे स्कूल भिलाई , जो कि सी.बी.एस.इ. एफिलिएटेड सीनियर सेकेंडरी, इंग्लिश मीडियम है, में एक सफल ड्रॉइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन भिलाई में स्थित आर्ट की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया गया था।

इस आयोजन में भिलाई के सभी प्रतिष्ठित स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लगभग 800 विद्यार्थी इसमें शामिल रहे। जिनमें से टॉप 10 विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुसार सम्मानित किया गया और उनकी योग्यता को प्रोत्साहित करने का प्रयास पुरस्कार देकर किया गया। बाकी जितने भी प्रतिभागी थे, उन सभी को सर्टिफिकेट और सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

इस अवसर पर एमजे कॉलेज का संपूर्ण स्टाफ काफी उत्साहित नजर आया और सभी ने अपनी क्षमता अनुसार भाग लिया। कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों के गार्डियन्स ने भी इस कार्यक्रम को बहुत ही भूरि-भूरि सराहना की। एमजे कॉलेज मैनेजमेंट के अनुसार, इस तरह के आयोजन आगे भी स्कूल में आयोजित किए जाएंगे।

# पूजा साहू एवं महेश कुमार को जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेस्ट अपकमिंग अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 69 वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024-25 बालक एवं बालिका का आयोजन नारखेड, नागपुर, महाराष्ट्र में दिनांक 17 से 21 जनवरी तक किया गया इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम छठवें स्थान पर एवं बालकों की टीम पि क्वार्टर फाइनल तक खेली इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम की खिलाड़ी पूजा साहू, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं महेश कुमार भिलाई इस्पात संयंत्र को बेस्ट अपकमिंग का अवार्ड से सम्मानित किया गया।

पूजा साहू पिता पीलू राम साहू, माता चूड़ामणि साहू 11वीं कक्षा की छात्रा है एवं पिछले कई वर्षों से उतई में बाल बैडमिंटन खेल रही है। वही महेश कुमार पिता रामकुमार माता मंजू पिछले 8 वर्षों से बॉल बैडमिंटन खेल से जुड़े हैं एवं खूबचंद बघेल गवर्नमेंट पीजी कॉलेज भिलाई 3 में बीए प्रथम वर्ष के छात्र है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के समस्त पदाधिकारी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब के समस्त पदाधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह जानकारी वाय राजा राव सचिव छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ ने दी।





### महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25प्रतिशत की छूट समेत 20 बड़ी घोषणाएं, विधायक रिकेश ने कहा

# निकाय की तस्वीर बदलेगी, मील का पत्थर साबित होगा अटल विश्वास पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आज बीजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया। बीजेपी ने अपने अटल विश्वास पत्र में 20 बड़ी घोषणाएं की हैं। घोषणा पत्र समिति में शामिल वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि भाजपा ने घोषणा पत्र को इसे अटल विश्वास पत्र का नाम दिया है। इस पत्र में शहर के विकास के लिए 20 बड़ी घोषणाएं की गईं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा पत्र टीम की उपस्थिति में अटल विश्वास पत्र का विमोचन किया है। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अमर अग्रवाल भी मौजूद रहे। श्री




सेन ने बताया कि यह घोषणापत्र अटल जी की 100वीं जयंती और 'अटल निर्माण वर्ष' के अवसर पर उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण को सम्मानित करते हुए समर्पित किया गया है।

विधायक सेन ने कहा कि आज 20 बिंदुओं पर अटल विश्वास पत्र जो जारी किया गया है, उसमें महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25त्न की विशेष छूट, महापौर सम्मान निधि की स्थापना, PSC मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि, विद्यालय और महाविद्यालय में मुफ्त वाईफाई की सुविधा, पीएम स्व निधि से 30 हजार की वित्तीय सहायता, फ्री सेनेटरी पैड की उपलब्धता, महिला स्वसहायता समूह को बर्तन बैंक के लिए 2.5 लाख का ऋण, सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश की परिकल्पना, गोकुल नगर का विस्तार,नालंदा परिसर पुस्तकालयों की संख्या में बढ़ोतरी, पुराने संपति कर के लिए एक मुश्त निपटान सुविधा, 3 लाख क्क्न्ङ्क घरों का तेजी से निर्माण, पट्टा धारकों को भू स्वामी हक सहित जनहित के लिए विशेष संकल्प योजनाएं शामिल हैं।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers
For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### हेलमेट धारी को ही मिलेगा रायपुर निगम दफ्तर में प्रवेश

**रायपुर।** नगर निगम मुख्यालय में एक नया नियम लागू किया गया है, जिसके तहत दोपहिया वाहन चालकों को अब बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्ट्रेट में पहले से लागू इस नियम के बाद अब नगर निगम मुख्यालय में भी ट्रैफिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह निर्णय लोगों को ट्रैफिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। अब नगर निगम मुख्यालय में बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह पहल शहरवासियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित होगी।

नगर निगम मुख्यालय के बाहर ट्रैफिक जवान तैनात किए जाएंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वाहन चालक सुरक्षा मानकों का पालन करें। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के बाद ही निगम मुख्यालय में प्रवेश मिलेगा। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा, हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने की आदत को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

### राजधानी के पुरानी बस्ती में देर रात बहती रही कविता की सुर सरिता

**रायपुर।** बसंत पंचमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती में आयोजित 65वें सरस्वती जयंती में देर रात तक कविता की सुर सरिता बहती रही। इस आयोजन में ओज, वीर, श्रृंगार सहित अन्य रसों के कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में प्रदेश के ख्याति प्राप्त कवियों ने मां वाग्देवी की आराधना करते हुए बसंत का स्वागत किया।

कार्यक्रम में हर पंक्ति पर वाहवाही गूंजती रही, जिससे आयोजन यादगार बन गया। बसंत की महक के साथ अब पूरे शहर में बसंत पंचमी के आयोजनों का सिलसिला शुरू हो चुका है। यह कवि सम्मेलन भी उसी श्रृंखला की एक कड़ी थी, जिसमें काव्य प्रेमियों ने हृदय खोलकर कविता की इस सुरसरिता का आनंद लिया। कवि सम्मेलन में कवि रामेश्वर शर्मा, कवि मन्नू लाल यदु, कवि यशवंत यश, कवयित्री श्रीमती सुषमा प्रेम पटेल, कवि मिनेश साहू, कवि रिक्की बिंदास, कवि राजू छत्तीसगढ़िया ने काव्य पाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा तथा इंद्रदेव यदु, ऋषि पटवारी, उत्तम देवहरे और बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

# इंदिरा यूथ यात्रा व लीडरशिप अवॉर्डः युवाओं के सशक्तिकरण व नेतृत्व का जश्न

## इंदिरा यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में राजपाल यादव ने साझा की अपनी कहानी और किया युवाओं को प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** इंदिरा यूनिवर्सिटी के राजधानी रायपुर में आयोजित इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई दिशा दिखाई। इस प्रेरणादायक शाम के मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और कॉमेडी किंग राजपाल यादव ने शिरकत की और अपने जीवन के संघर्षों और सफलता के अनुभवों को साझा किया।

राजपाल यादव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों और संघर्षों को गले लगाना ही असल सफलता की ओर बढ़ने का रास्ता है। जो व्यक्ति बिना संघर्ष के सफलता की राह पर चलता है, वह केवल चमत्कारी परिणाम की उम्मीद करता है, लेकिन असल में सफलता वह है जो परिश्रम और कठिनाइयों से गुजरने के बाद प्राप्त होती है।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार भी देती है। शिक्षा के जरिए हम सिर्फ पढ़ाई नहीं करते, बल्कि अपने भीतर अनुशासन और ईमानदारी जैसी महत्वपूर्ण बातें भी सीखते हैं, जो हमें जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाती हैं। राजपाल यादव ने अपनी सफलता के सफर का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कई संघर्षों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। उन्होंने बताया कि मेरे पास शुरुआत में कोई बड़ा नाम नहीं था, लेकिन मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मैं हार मानूंगा। मैंने छोटी-छोटी भूमिकाओं से शुरुआत की और जब मेहनत एवं लगन से काम किया और आज इस मुकाम पर हूं।

राजपाल यादव ने युवाओं से यह भी कहा कि वे सिर्फअपने करियर के बारे में नहीं सोचें, बल्कि समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना देखें। उन्होंने समाज में योगदान और नेतृत्व के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हमारे पास जो कुछ भी है, उसे साझा करना ही असली सफलता है। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. पंडित माली, सीईओ, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, पुणे और रजी थॉमस, चीफ कॉर्पोरेट रिलेशन्स एंड आउटरीच ऑफिसर, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, पुणे ने भी अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाने वाले व्यक्तियों को लीडरशिप अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, प्रोफेशनल्स और शिक्षक शामिल थे। सम्मानित होने वाले में इंदिरा के पुणे इंस्टिट्यूट के एमबीए के सैकंड बैच का स्टूडेंट और वर्तमान में कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर प्रमुख थे। इस आयोजन ने इंदिरा यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को फिर से उजागर किया कि वह भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा और पहल प्रदान करने में समर्पित है।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं, 5 मिनट में आएगा ई-चालान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की अब खैर नहीं। शहर में लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने की शिकायत मिलने के बाद अब ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बरतने का फैसला किया है।



अब ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान भेजा जाएगा। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ राजधानी में रोजाना एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं। जिन वाहन चालकों के ई-चालान काटे जाते हैं, उन्हें चालान होने की जानकारी आठ से दस दिन बाद मिलती है। ऐसे में विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान मिल सके, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने स्मार्ट सिटी प्रबंधन से संपर्क कर आईटीएएमएस को अपडेट करते हुए पांच मिनट में ई-चालान जनरेट होने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। ट्रैफिक पुलिस की मांग के आधार पर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने आईटीएमएस सॉफ्टवेयर को अपडेट करते हुए पांच मिनट में ई-चालान जनरेट करने की व्यवस्था की है।

### सौ चालकों के पास पहुंचेगा चालान

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों को पांच मिनट में ई-चालान मिले, इसके लिए प्रयोग के तौर पर शुरुआत में सौ वाहन चालकों को ई-चालान जनरेट कर भेजा जाएगा। प्रयोग सफल होने पर ई-चालान भेजने की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके बाद ट्रैफिक नियम तोड़ वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों को पांच मिनट के अंदर ई-चालान भेजा जाएगा।

### एसएसपी के निर्देश पर व्यवस्था

शहर में लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने की शिकायत मिलने के बाद पिछले दिनों एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह आईटीएएमएस का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां पहुंचने के बाद एसएसपी ने देखा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को ई-चालान आठ से दस दिन में मिल रहा है। इसके बाद एसएसपी ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को तत्काल ई-चालान भेजने की व्यवस्था करने निर्देश दिए।

### रोजाना एक हजार से ज्यादा ई-चालान

राजधानी में ट्रैफिक उल्लंघन करने के मामलों में रोजाना औसतन एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं। साथ ही ट्रैफिक थाने में चार सौ के करीब लोग रोजाना ई-चालान की राशि जमा करने पहुंचते हैं। ई-चालान जनरेट होने में आठ से दस दिन का समय लगने से ट्रैफिक पुलिस को चालानी राशि मिलने में भी देर होती है। पांच मिनट के भीतर ई-चालान जनरेट होने से ट्रैफिक पुलिस को समय पर चालान की राशि मिल सकेगी, साथ ही राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### ट्रैफिक व्यवस्था में होगा सुधार

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, तत्काल ई-चालान काटे जाने से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर अंकुश लगेगा। राजधानी में ज्यादातर ट्रैफिक सिग्नल जंप करने के साथ ही रांग साइड वाहन चलाने की घटनाएं सामने आती हैं। ज्यादातर ऑटो, ई-रिक्शा के साथ दोपहिया वाहन चालक रांग साइड तथा सिग्नल जंप करते हैं, जिनकी वजह से एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं। पांच मिनट में ई-चालान काटे जाने की व्यवस्था शुरू होने से ट्रैफिक पुलिस को बेवजह विवाद से मुक्ति भी मिलेगी। विवाद की स्थिति निर्मित होने पर ट्रैफिक पुलिस, वाहन चालक को आईटीएमएस के फूटेज दिखाकर उनकी गलती बता सकती है। साथ ही ई-चालान जनरेट होने पर दस मिनट के भीतर ऑनलाइन पेमेंट करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# सरस्वती पूजन और संगीत संध्या का हुआ आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पण्डित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा एवं संगीत संध्या का पारम्परिक आयोजन व्यास भवन बूढ़ापारा में किया गया। वरिष्ठ गुरु डॉ. एम श्रीराम मूर्ति एवं संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात् सभी ने वाग्देवी के सम्मुख अपनी सुंदर प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

प्रमुख रूप से कु. कावेरी व्यास ने पण्डित व्यास द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध सरस्वती स्तवन द्वारा ज्ञान दे विज्ञान दे हे हंस वाहिनी सरस्वती, दीपक व्यास ने सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचना वीणा वादिनी वरदे, डॉ प्रदीप तिवारी तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली , वैशाली जोशी द्वारा साईं राम साईं श्याम , शशि खिरैया ने मत कर तू अभिमान, जीवा तिवारी ने मेरे कण्ठ बसो महारानी, अनुराग शुक्ला ने ठुमक चलत रामचंद्र, अराधना बैद ने राम का गुणगान करिए, हेमंत मार्डिकर द्वारा मन तड़पत हरि दर्शन को आज, शिरीष आठेल ने सुख के सब साथी, निखिल मोकादम ने मैली चादर ओढ़ के कैसे, संदीप साठे ने गाइए गणपति जगबंदन सहित मिलिंद कावड़िसाव ने जय दुर्गे दुर्गति परिहारिणी प्रस्तुति दी । दात्री संत ने वॉयलिन पर राग जयजयवंती की मनमोहक प्रस्तुतियों का आंनद देर रात तक श्रोताओं ने उठाया। सभी के साथ दीपक व्यास ने हारमोनियम पर राकेश देशमुख एवं सुशील गोल्हानी ने तबले पर तथा हर्षल बल्लाल ने साइड रिदम पर सुंदर संगत दी। मंच संचालन महेंद्र तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती दीपा व्यास ने किया।

# विप्र महिला शिखर सम्मान 9 मार्च को




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन व सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की बैठक 1 फरवरी को शाम 4 बजे से प्रांतीय कार्यालय, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 9 मार्च को छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधा के ख्यातिलब्ध विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस सम्मान योग्य इच्छुक महिलाओं का बायोडाटा 1 मार्च तक आमंत्रित है जिसे संगठन की चयन समिति द्वारा अंतिम रुप दिया जायेगा।

प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी विप्रजनों से कार्यक्रम में सहयोग की अपील करके हुए बताया की इस अवसर पर समूह नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र व विजेता को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रांतीय सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, प्रांतीय महासचिव सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, युवा महासचिव सुरभि शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र पाठक, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, महिला सचिव विद्याभट्ट एवं सुलभा पाण्डेय, संभागीय सहसचिव उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वाहनों के महाकुंभ में महाबचत का लाभ पाने के अंतिम 12 दिन शेष

## बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने करायी बुकिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के द्वारा आयोजित वाहनों के महाकुंभ (ऑटो एक्सपो) में महाबचत का लाभ पाने के अंतिम 12 दिन रह गए हैं। इसलिए कि 15 फरवरी आखिरी तारीख है। वैसे हजारों लोग अब तक यहां आ चुके हैं, यही वजह है कि एक दिन पहले के आंकड़ों के मुताबिक यहां हुए सेल के मुताबिक आरटीओ को 54 करोड़ और जीएसटी विभाग को 450 करोड़ रुपए मिल चुके हैं वहीं कस्टमर को भी आधा अरब रुपए से अधिक का फायदा हो चुका है।



बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर काफी संख्या में रविवार को एक्सपो पहुंचे लोगों ने वाहनों की बुकिंग करायी। पहली फरवरी को 598 वाहनों की बिक्री हुई। आज बजाज चेतक ईवी की लांचिंग की गई। मेटा क्लीनिक के सहयोग से आज फ्री हेल्थ चेक अप कैम्प का आयोजन भी एक्सपो में किया गया था जिसमें स्टाल होल्डर्स व स्टाफ के अलावा पहुंचे हुए लोगों ने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। रविवार को आदिम जाति कल्याण,कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होने खेती किसानी में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर डिवीजन सहित अन्य स्टालों का निरीक्षण किया।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि ऑटो एक्सपो में अब 13 दिन शेष रह गए हैं इसलिए ऑटोमोबाइल डीलर्स चाह रहे हैं कि अधिकाधिक लोग इसका लाभ लें ताकि चूक जाने का उन्हे मलाल न रहे। वैसे आज बसंत पंचमी था, इस दिन की खरीदी को शुभ माना जाता है इसलिए काफी बड़ी संख्या में लोगों ने बुकिंग करायी है। इस महाकुंभ में छूट की बहार का हर कोई लाभ उठा रहे हैं। आरटीओ के आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट का तो निश्चित बचत हो ही रहा है। वाहनों की जो कीमत हैं उस हिसाब से देखें तो यह एक बड़ी बचत दे जा रहा है जैसे वाक्सवैगन के माडलों पर अधिकत्तम 3.5 लाख तो हुंडई के कारों में 1 लाख से पौने दो लाख का फायदा हो रहा है। टाटा के विभिन्न माडलों पर 90 हजार से लेकर 1 लाख तक, वैसे इस कंपनी का न्यू ईयर ऑफर अलग से लांच हो चुका है। कुछ दोपहिया वाहन डीलर्स एक्सचेंज ऑफर के साथ फाइनेंस की सुविधा भी प्रमोट कर रहे हैं। एक डीलर्स के द्वारा दोपहिया की खरीदी पर एश्योर्ड गिफ्ट एंड एक्सचेंज बोनस के रूप में 2500 रुपए तक फायदा दिया जा रहा है जिसमें आरटीओ की 50 फीसदी अलग से हैं। वहीं एक अन्य डीलर्स 1999 के डाउन पेमेंट का धमाका ऑफर कस्टमर के लिए पेश किया है तो रायल इनफील्ड 6 से लेकर 16 हजार रुपए तक अतिरिक्त बेनिफिट दे रहे हैं। ऑटो एक्सपो में रविवार को आम लोगों का भरोसेमंद साथी हमारा बजाज के बजाज चेतक ईवी की लॉचिंग हुई। यह स्कूटर नए प्लेटफार्म पर बना है। इसमें कई सारे बेहतरीन फीचर हैं जो लोगों की पसंद बनते हैं। 3.5 केडब्ल्यूएच की बैटरी है, यह बैटरी 4 केडब्ल्यू मीटर को पावर देती है। 950 वाट के आन बोर्ड चार्जर के साथ आता है। यह स्कूटर 73 किमी प्रति घंटे की टाप स्पीड तक जा सकता है। टीईटी टच स्क्रीन डिस्पले दिया है।

### रैम्प पर बिखरे फैशन के जलवे


ऑटो एक्सपो और स्टेज प्रोग्राम का आनंद नहीं लिया ऐसा कोई भी नहीं हैं क्योंकि इतना शानदार परफार्मेंस रोज देखने को मिल रहा है कि डांस, म्यूजिक, फैशन शो से लेकर और भी बहुत कुछ। वेस्टर्न ड्रेस में रैम्प पर माडल अपने जलवे बिखेर रहे थे तो परम्परागत परिधानों का प्रदर्शन करते हुए भी मॉडल दिखे।









# एकता कपूर लेकर आई नागिन-7, इस एक्ट्रेस को कास्ट करने की फैंस करने लगे डिमांड

फैंस काफी लंबे समय से नागिन 7 का इंतजार कर रहे हैं। अब नागिन 7 को लेकर एकता कपूर ने लेटेस्ट अपडेट दिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर नागिन 7 को लेकर राज खोले हैं। उनके पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट कर रहे हैं। जब से नागिन 7 को लेकर चर्चा शुरू हुई है, तब से लीड रोल के लिए कई नामों पर सोशल मीडिया पर चर्चा होने लगी। इसमें सबसे ज्यादा बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी के नाम पर चर्चा हुई। कहा जा रहा था कि एक्ट्रेस अगली नागिन बनेगी। हालांकि उन्होंने इन खबरों को अफ्वाह बताया और कहा कि वह नागिन 7 नहीं कर रही।

### नागिन-7 को लेकर एकता कपूर ने दिया अपडेट

एकता कपूर ने वीडियो पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, नागिन-7। वीडियो में वह अपनी क्रिएटिव टीम के साथ नागिन-7 पर चर्चा करती दिखी। नागिन-7 को लेकर अलग-अलग आइडिया पर डिस्कस करते नजर आई। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक मीडिया यूजर ने लिखा, मैम जल्दी नागिन-7 लेकर आइए। एक यूजर ने लिखा, इस बार कौन बनेगी नागिन। कई यूजर्स इसपर कमेंट कर चाहत पांडे को नागिन बनाने के लिए कह रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, चाहत पांडे को प्लीज नागिन में देखना है। एक यूजर ने लिखा, नागिन-7 में विवियन डीसेना और चाहत पांडे को कास्ट कर लीजिए प्लीज।

### कौन हैं चाहत पांडे?

बिग बॉस 18 में हाल ही में चाहत पांडे नजर आई थी। फिनाले से पहले एक्ट्रेस शो से बाहर हो गई थी। सियासत की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस बिग बॉस के घर में 14 सप्ताह तक रही, लगभग 98 दिनों तक। रिपोर्ट के अनुसार, चाहत ने प्रति सप्ताह 1-2 लाख रुपये कमाए, जिससे उनकी कुल सैलरी लगभग 14 लाख रुपये से 28 लाख रुपये हो गई। एक्ट्रेस ने 17 साल की उम्र में 2016 के शो पवित्र बंधन से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने क्राइम पेट्रोल सतर्क,ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं, हमारी बहू सिल्क, सावधान इंडिया और तेनाली रामा में का किया है।




# सलमान खान की फिल्म सिकंदर में इस एक्ट्रेस ने ली एंट्री

## कहा- ये रियल लाइफ है या मैं सपना देख रही हूं



**फिल्म सिकंदर इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सलमान खान लीड रोल में है और उनके साथ रश्मिका मंदाना की जोड़ी दिखेगी। फिल्म में अब एक और एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है।**

सलमान खान की फिल्म सिकंदर को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज है। फिल्म का टीजर एक्टर के जन्मदिन पर रिलीज हो चुका है। मूवी इसी साल ईद पर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मूवी में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना, शरमन जोशी और काजल अग्रवाल हैं। अब उनकी टीम में एक और नये शख्स की एंट्री हो गई है और उसका नाम है अंजिनी धवन। अंजिनी ने फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था।

अंजिनी धवन बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की भतीजी है। अब वह सलमान खान के साथ सिकंदर में नजर आएंगी। उन्होंने बातचीत में कहा कि, अब जब टीजर आ चुका है, तो मैं इस बारे में फाइनली बात कर सकती हूं। मैं इससे ज्यादा आभारी और थैंकफुल नहीं हो सकती। हर बार जब मैं फिल्म के सेट पर जाती हूं, तो मुझे खुद को पिंच करके खुद से पूछती हूं कि क्या ये रियल लाइफहै या मैं सपना देख रही हूं।

सलमान खान के बारे में अंजिनी धवन ने कहा, बचपन से ही मैं उनकी फैन रही हूं। मुझे उनकी फिल्म, खासकर डेविड अंकल के साथ उन्होंने जो की है,पार्टनर, मुझसे शादी करोगी काफी पसंद है। जब भी मेरा दिन खराब होता है, तब मैं पार्टनर देख लेती हूं और मैं ठीक हो जाती हूं। उनके साथ काम करना एक सपने के पूरे होने जैसा है।

### डंब बिरयानी में नजर आएंगे सलमान खान

सलमान खान जल्द ही अपने भतीजे अरहान खान के पॉडकास्ट डंब बिरयानी में नजर आएंगे। इसका प्रोमो सामने आया था। प्रोमो में सलमान के पुराने इंटरव्यू और कुछ पुराने फुटेज दिख रहे हैं। इसमें एक्टर अरहान को अपने परिवार, दोस्तों के लिए हमेशा खड़े रहने की सलाह देते हैं।

# नागा चैतन्य-साई पल्लवी की थंडेल का हिंदी ट्रेलर रिलीज

## प्यार-देशभक्ति के बीच जंग की दिखी अनोखी दास्तां

**नागा चैतन्य और साई पल्लवी की अपकमिंग फिल्म थंडेल का तमिल ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है जिसे एक्स पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अब मेकर्स ने इसका हिंदी ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। जिसके लिए उन्होंने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को चुना है। जी हां थंडेल का ट्रेलर मुंबई में एक ग्रैंड इवेंट में आमिर खान ने लॉन्च किया।**

थंडेल के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया था कि मिस्टर परफेक्शनिस्ट थंडेल का ट्रेलर लॉन्च करेंगे, इसी वादे को पूरे करते हुए मुंबई के ग्रैंड इवेंट में आमिर खान ने थंडेल का ट्रेलर लॉन्च किया।

थंडेल के ट्रेलर में नागा चैतन्य और सांई पल्लवी की केमिस्ट्री शानदार लग रही है। लेकिन ये सिर्फ एक नॉर्मल लव स्टोरी नहीं है दरअसल थंडेल की कहानी श्रीकाकुलम के मछुआरों के संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मछली पकड़ने के दौरान गलती से पाकिस्तान के जलक्षेत्र में चले गए। इसमें नागा के कैरेक्टर 9 महीने के लिए समुद्र के अंदर ही रहना होता है और वो सिर्फ 3 महीने के लिए बाहर आता है। इस वक्त में वह अपना ज्यादातर टाइम अपनी लवर साई पल्लवी के साथ बिताते हैं। पाकिस्तान में जाने के बाद थंडेल को कई तरह के चैलेंजेस का सामना करना पड़ता और इन्हीं सब चीजों का असर दोनों की लव स्टोरी पर पड़ता है। फिल्म की कहानी प्रेम, बदला, साहस और देशभक्ति की भावनाओं का निचोड़ है। इसी बीच भरपूर ड्रामा और एख्शन देखने लायक है।

आमिर खान को थंडेल का ट्रेलर काफी पसंद आया। बता दें नागा चैतन्य ने आमिर खान के साथ लाल सिंह चड्ढा में काम किया है। जब आमिर से नागा के साथ काम करने का एक्सपीरियंस पूछा गया तो उन्होंने कहा, नागा बहुत ही टैलेंटेड एक्टर हैं इसके साथ ही ये एक अच्छे पर्सन भी हैं जो ज्यादा जरुरी है। बता दें साई पल्लवी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मौजूद नहीं थी। फिल्म में नागा चैतन्य, साई पल्लवी और प्रकाश बेलावडी जैसे कलाकार लीड रोल में हैं। फिल्म 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।




# सामंथा रुथ प्रभु ने कन्फर्म किया अपना रिलेशनशिप?

## इस डायरेक्टर का हाथ थामे एक्ट्रेस की फोटो वायरल

**पिछले साल सामंथा रुथ प्रभु को लेकर चर्चा थी कि वह एक डायरेक्टर को डेट कर रही हैं। इन अफवाहों के बीच अब उनकी एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें वह उसी डायरेक्टर के साथ एक स्पोर्ट इवेंट में शामिल हुईं। अफवाहों को हवा तब मिली जब उन्हें एक डायरेक्टर का हाथ पकड़े हुए देखा गया। साउथ की सुंदरी बाला सामंथा रुथ प्रभु की पर्सनल लाइफ हमेशा टॉक ऑफ द टाउन रही है। तलाक से लेकर बीमारी तक, एक्ट्रेस ने पिछले कुछ सालों में हेडलाइंस में अपनी जगह बनाई। अब डेटिंग के चलते वह खबरों में हैं।**

नागा चैतन्य से तलाक के तीन साल बाद सामंथा रुथ प्रभु का नाम एक डायरेक्टर से जुड़ा था। माना जा रहा था कि वह उन्हें दोबारा प्यार मिला। इन अफवाहों को दोनों में किसी ने खारिज या स्वीकार नहीं किया था। मगर अब एक तस्वीर देख फैंस श्योर हो गए हैं कि एक्ट्रेस वाकई डेटिंग कर रही हैं।

### किसे डेट कर रहीं सामंथा?

दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु पहली बार किसी स्पोर्ट्स इवेंट में शामिल हुईं और वो भी डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिकलबॉल टूर्नामेंट की ढेर सारी तस्वीरें भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। फोटोज के साथ सामंथा ने कैप्शन में लिखा, खेल की दुनिया में मेरा पहला कदम- सभी चीजों में से पिकलबॉल बहुत परिवर्तनकारी रहा है! मुझे यहां आने में बहुत झिझक थी, क्योंकि मैं हमेशा खेलों से दूर रहती थी। ऐसा इसलिए क्योंकि मुझे हारना पसंद नहीं है।

### राज जैसा साथी पाकर खुश सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु ने बताया कि वह चेन्नई सुपर चैम्प्स की मालिक बन गई हैं और अपनी टीम की तारीफ की। सामंथा ने अपने साथ मौजूद राज की भी खूब तारीफ की। डायरेक्टर के लिए एक्ट्रेस ने लिखा, और मैं इस उतार-चढ़ाव भरे सफर में राज और हिमांक से बेहतर टीम साथी की उम्मीद नहीं कर सकती थी।



### राज का हाथ पकड़े आईं नजर

यूं तो सामंथा का ये पोस्ट स्पोर्ट्स की दुनिया में आने के बारे में था, लेकिन लोगों की नजर उनकी आखिरी तस्वीर पर पड़ी। इस तस्वीर में सामंथा पोज देते समय राज का हाथ थामे हुई नजर आईं। इस दौरान एक्ट्रेस व्हाइट पैंट-टैंक टॉप और ब्लैक जैकेट में नजर आ रही हैं। वहीं, राज ऑल ब्लैक लुक में दिख रहे हैं। सामंथा और राज के बीच डेटिंग की अफ्वाहें सिटाडेल हनी बनी की शूटिंग के दौरान से ही चर्चा में है। इस सीरीज का निर्देशन राज ने किया था और सामंथा लीड रोल में थीं। खैर, अभी तक दोनों में से किसी ने अपने रिलेशनशिप की अफवाहों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। ऐसे में हम इस डेटिंग की अफवाह की पुष्टि नहीं करते हैं।



# अनुपमा का हिस्सा बनना सपना सच होने जैसा : अद्रिजा रॉय

अभिनेत्री अद्रिजा रॉय लोकप्रिय टीवी शो 'अनुपमा' में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम 'राही' है। उन्होंने बताया कि उनके और उनके किरदार के बीच बहुत सी समानताएं हैं और 'अनुपमा' में काम करना सपना सच होने जैसा है। अद्रिजा रॉय ने कहा, राही और अद्रिजा के बीच बहुत सी समानताएं हैं। वह व्यावहारिक है, हर चीज को समझने की कोशिश करती है और वह अपनी मां से प्यार करती है। मैं बहुत सी चीजों से खुद को जोड़ पाती हूं। शुरुआत से ही मुझे इस किरदार में ढलने में ज्यादा समय नहीं लगा, क्योंकि कुछ अलग सोचने की जरूरत नहीं है। इस पीढ़ी की कोई भी लड़की परिस्थितियों पर जिस तरह रिएक्ट करती है, उसी तरह राही (चरित्र) भी रिएक्ट करती है। मुझे लगता है कि यह एक प्लस प्वाइंट है।

उन्होंने सह-कलाकार शिवम खजूरिया के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने कहा, शिवम और मेरे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है क्योंकि हम लगभग एक ही उम्र के हैं। पहले दिन से ही हमारी बॉन्डिंग मजबूत थी। हम एक साथ सीन्स पर चर्चा करते थे, तय करते थे कि हम क्या करेंगे और हम उन्हें कैसे करेंगे। जब आप योजना बनाते हैं और एक-दूसरे के साथ सहज होते हैं, तो यह स्वाभाविक रूप से सीन में दिखाई देता है। शायद इसीलिए दर्शकों को यह पसंद आया है।


अद्रिजा रॉय ने बताया कि 'अनुपमा' जैसे शो का हिस्सा बनने पर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अनुपमा जैसे बड़े शो का हिस्सा बनने का मौका मिला। अनुपमा एक ब्रांड है, इसलिए स्वाभाविक रूप से मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरा किरदार, पूरी टीम, और शो से जुड़ी हर चीज कहानी, मौजूदा ट्रैक, सब कमाल का है। मैं बस यही उम्मीद करती हूं कि सब कुछ ठीक चलता रहे।

उन्होंने कहा, अनुपमा का हिस्सा बनना - उस शो के साथ काम करना, उस शो से जुड़ना - यह किसी सपने के सच होने जैसा है और मैं अभी उस सपने को जी रही हूं। मैं जो काम करती हूं, वही मुझे प्रेरणा भी देता है। काम ही मुझे अच्छा महसूस कराता है और जब दर्शक इसका आनंद लेते हैं, तो यह सब सार्थक हो जाता है।



# विटामिन ई आपकी त्वचा को बनाए रखता है कोमल, मुलायम और जवां

**हमारे शरीर के सम्पूर्ण विकास और उसकी कार्य प्रणाली के साथ-साथ सभी तंत्रों को व्यवस्थित ढंग से चलाने में विटामिन्स काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दरअसल विटामिन्स ऐसे ऑर्गेनिक कम्पाउंड्स होते हैं, जो आपके शारीरिक और मानसिक बीमारियों को दूर रखने के लिये बेहद जरूरी होते हैं। इसके साथ ही सौन्दर्य को भी बनाए रखने के लिये भी जरूरी माने जाते हैं। बॉडी डेवलपमेंट, हेल्थ और सौन्दर्य को बरकरार रखने में विटामिन ई बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बता दें, विटामिन ई यह पोषक तत्व आपकी त्वचा के लिए एक मल्टीटास्किंग बॉडीगार्ड की तरह है, जो इसे नुकसान से बचाता है, इसे हाइड्रेटेड रखता है और इसे जवां और चमकदार दिखने में मदद करता है।**



### स्किन के लिए विटामिन ई के फायदे

हेल्दी और शाइनी स्किन बनाए रखने के लिए विटामिन ई सबसे जरूरी पोषक तत्वों में से एक है। यहां प्वाइंट्स में बताया गया है कि यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है।

**फ्री रेडिकल्स से लड़ता है:** विटामिन ई एक नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट है, जिसका मतलब है कि यह आपकी त्वचा को फ्री रेडिकल्स (वे खतरनाक अणु जो त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं) से बचाता है। विटामिन ई स्ट्रेस और अन्य पर्यावरणीय खतरों से बचाने के लिए ढाल के रूप काम करता है।

**हानिकारक यूवी किरणों से बचाव :** विटामिन ई के सबसे बड़े लाभों में से एक यह है कि यह त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाता है। हालांकि यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है, लेकिन यह सूर्य से होने वाले नुकसान को बेअसर करने में मदद करता है, जिससे सनबर्न और लंबे समय तक फोटोएजिंग (यानी झुर्रियाँ और काले धब्बे) के खतरों कम होता है।

**एंटी-एजिंग पावरहाउस :** विटामिन ई त्वचा के पुनर्जनन को बढ़ावा देता है और कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे आपको एक कोमल, युवा त्वचा मिलता है।

**डीप हाइड्रेशन :** गहरी मॉइस्चराइजिंग विशेषताएं इसे एक बेहतरीन हाइड्रेटिंग एजेंट बनाती हैं। यह नमी को लॉक करता है, जिससे आपकी त्वचा नरम, कोमल और चिकनी हो जाती है।

**जलन को शांत करता है:** अगर आपकी त्वचा रूखी या संवेदनशील है, तो विटामिन ई आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। यह जलन को शांत करता है और आपकी त्वचा की प्राकृतिक बाधा को ठीक करने में मदद करता है।

### चमकती त्वचा के लिए विटामिन ई का उपयोग कैसे करें

अब जब आप इसके लाभों से परिचित हो गए हैं, तो यहां बताया गया है कि विटामिन ई को अपने लिए कैसे उपयोगी बनाया जाए।

### सही प्रोडक्ट का चुनाव करें।

विटामिन ई सीरम, क्रीम, तेल और यहां तक कि कुछ क्लीन्जर में भी पाया जाता है। ऐसे प्रोडक्ट्स का चनाव करें जिनमें टोकोफेरॉल या टोकोट्रिएनॉल कंटेंट हो।

### इसे सही तरीके से लेयर करें

अगर आप विटामिन ई सीरम का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे क्लींजिंग और टोनिंग के बाद लेकिन मॉइस्चराइजर से पहले लगाएं। इससे यह आपकी त्वचा में गहराई तक समा जाता है।

### अन्य स्किन केयर हीरोज के साथ मिलाएं

विटामिन ई विटामिन सी के साथ बहुत अच्छी तरह से मेल खाता है। साथ में, वे एक-दूसरे की प्रभावशीलता को बढ़ाते हैं, जिससे आपको चमकदार और निखरी की त्वचा मिलती है।

### रात के समय में लगाना फायदेमंद

रात को सोने से पहले त्वचा पर विटामिन ई तेल की हल्की मसाज करने से काफी फायदा मिलता है। इसे सीधे-सीधे तौर पर त्वचा पर लगाया जा सकता है, लेकिन एलोवेरा जेल के साथ इसे मिलाकर चेहरे की हल्के हाथों से मसाज करने और फिर इसे धोने से त्वचा पर इसके प्रभाव ज्यादा बेहतर तरीके से नजर आता है।

### सनस्क्रीन लगाना न भूलें

विटामिन ई यूवी क्षति से बचाता है, लेकिन यह सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है। अपनी त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एसपीएफ की परत लगाएं। डॉ। सरकार का कहना है कि अपनी त्वचा की देखभाल में विटामिन ई को शामिल करना स्वस्थ और अधिक चमकदार त्वचा की ओर एक कदम है। विटामिन ई आपकी त्वचा की रक्षा करता है, उसे नमी देता है और पोषण देता है।

# झारखंड में लड़कियों को सशक्त बनाने के एक दशक का जश्न: बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 22 जनवरी, 2025 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई। 2015 में शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण करने के साथ ही भारत में लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात पर ध्यान केंद्रित करना है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और जिले स्थानीय और हितधारकों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा हैं।

अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर झारखंड के पलामू जिले को लंबे समय से लड़कियों और महिलाओं, खास तौर पर ग्रामीण समुदायों को प्रभावित करने वाली सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

बीबीबीपी पहल के तहत झारखंड में 100 दिन संकल्प अभियान के साथ तालमेल बिठाते हुए, पलामू के प्रशासन और समाज कल्याण कार्यालय ने जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू की थी। इस पहल का उद्देश्य लैंगिक असमानता, महिलाओं के अधिकार और बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना था।

झारखंड के पलामू जिले ने 100 दिन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से लक्षित साप्ताहिक थीम अपनाकर और प्रभावशाली कार्यक्रमों का आयोजन करके लैंगिक समानता और लड़कियों के सशक्तिकरण की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, इस अभियान ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किया, जिससे अंततः लड़कियों के कल्याण और अधिकारों में वृद्धि हुई।




100 दिन चलने वाले इस विशेष अभियान में पलामू जिले में, विभिन्न विषयों पर 70 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 125 सरकारी अधिकारियों और 22 क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए चार कार्यक्रम आयोजित किए गए और 216 लाभार्थियों को नामांकित किया गया।

इसी तरह, बीबीबीपी सप्ताह, 100-दिवसीय अभियान के भीतर एक समर्पित सप्ताह और गर्भधारण पूर्व प्रसवपूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) प्रवर्तन अभियान ने 54 अधिकारियों और 8 स्थानीय प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ तीन कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें 178 लाभार्थियों को नामांकित किया गया। ये कार्यक्रम विशेष रूप से लैंगिक समानता और बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए तैयार किए गए थे और उनकी सफलता ने पहल के प्रभाव को रेखांकित किया।

पलामू में बीबीबीपी पहल का प्राथमिक लक्ष्य लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और लड़कियों के लिए शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था ।

इस अभियान के तहत, मिशन शक्ति सप्ताह में लाभार्थियों का नामांकन सबसे अधिक रहा, जिसमें 280 प्रतिभागी शामिल हुए, जो इस पहल की पहुंच को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, 379 सरकारी अधिकारियों और स्थानीय शासी निकायों के 104 प्रतिनिधियों ने इन प्रयासों का समर्थन किया, लैंगिक समानता, कौशल विकास, कानूनी जागरूकता और सामुदायिक लामबंदी पर केंद्रित विषयगत सप्ताहों के माध्यम से 1,999 लाभार्थियों तक पहुँचे। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया, लैंगिक समानता और बाल विवाह की रोकथाम पर जोर देते हुए स्टिकर और पर्चे बांटे। सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम रैलियों, नुक्कड़ नाटकों और समूह चर्चाओं के माध्यम से पलामू में कम उम्र में विवाह (ईसीएम) और महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा (ईवीएडब्ल्यूएसी) को समाप्त करने जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में अभियान की सफलता, पहल में समुदाय की भागीदारी और मूल्य का प्रमाण है। स्कूलों ने निबंध प्रतियोगिताएँ, हस्ताक्षर अभियान और वृक्षारोपण समारोह आयोजित किए, जिससे बच्चों को लैंगिक समानता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की वकालत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। लड़कियों की शिक्षा और विकास के लिए समुदाय की प्रतिबद्धता वार्षिक शिशु किट और शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कारों के वितरण में स्पष्ट थी। इन पहलों को नवजात लड़कियों का समर्थन करने और छात्रों को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, जो उनकी शिक्षा और विकास के लिए समुदाय के समर्पण पर जोर देते हैं।

इस पहल में उद्घाटन समारोह, किशोरों के साथ जागरूकता बैठकें, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, रैलियाँ और बाल विवाह और लिंग आधारित हिंसा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा सहित विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं। भागीदारी का स्तर विभिन्न कार्यक्रमों में भिन्न था, शपथ ग्रहण और रैलियों जैसी कुछ गतिविधियों में 59,640 महिला प्रतिभागी शामिल थीं।

पलामू की 265 में से 165 चयनित पंचायतों में और लोकसभा (एलएस), एडब्ल्यूडब्ल्यू, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), लिंग समुदाय संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और एनजीओ प्रतिनिधियों के माध्यम से आईसीडीएस की 14 परियोजनाओं में महत्वपूर्ण संदेशों को प्रदर्शित करने वाला पोस्टर बना कर लगाए गए और स्थानीय चैनलों के माध्यम से बाल संरक्षण को संबोधित करते हुए लघु वीडियो क्लिप, अभियान संदेश और सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित किए गए।

# युवा शक्ति का विकसित भारत के लिए उपयोग करना

**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** युवाओं की क्षमता, रचनात्मक और सृजनात्मक ऊर्जा का बेहतर उपयोग करने के लिए, युवा मामले विभाग व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करता है, जिसमें युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना और उन्हें अपने क्षेत्रीय संगठनों और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विभिन्न राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में शामिल करना है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करती है और एनएसएस का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' है।

इसी प्रकार, नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) अपने विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण और नागरिक सहभागिता के लिए उन तक पहुंच बना रहा है।

हाल ही में, युवा मामलों के विभाग के तहत एक स्वायत्त निकाय - मेरा युवा भारत (MY Bharat) नामक एक व्यापक सक्षम तंत्र की स्थापना की गई है, जो अमृत काल के दौरान प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए है। माई भारत (https//www.mybharat.gov.in/) के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया गया है, जिस पर देश भर के युवा पंजीकरण कर सकते हैं और पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवी अवसरों के लिए साइनअप कर सकते हैं। परिकल्पित फिजिटल (भौतिक + डिजिटल) तंत्र का उद्देश्य युवा शक्ति को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने के लिए सशक्त बनाना है। माई भारत पोर्टल पर अब तक 1.65 करोड़ से अधिक युवा पंजीकरण करा चुके हैं।


युवाओं के बीच 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए, युवा कनेक्ट कार्यक्रम की संकल्पना भारत के विकासात्मक परिवर्तन में युवाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। ये कार्यक्रम पूरे भारत में शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं के बीच विकसित भारत की अवधारणा पर चर्चा के लिए आयोजित किए जाते हैं। इसमें युवाओं को प्रख्यात वक्ताओं के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिलता है।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय पहचान, नागरिक जुड़ाव, सामाजिक सामंजस्य, मानव संसाधन विकास, आलोचनात्मक सोच और सशक्तिकरण जैसे मूल्यों पर जोर दिया जाता है।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं निराकरण करने का दिलाया भरोसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में किरण कल्लो डी.एन.के.कॉलोनी द्वारा रोजगार दिलवाने हेतु, के.पी. सागर जिलाध्यक्ष मुख्य प्रकोष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कार्य क्षेत्र द्वारा सुदर्शन मण्डल संकाय सदस्य जिला पंचायत के कर्मचारी द्वारा एक ही समय पर तीन अलग-अलग कार्यालयों में नौकरी कर वेतन लेने संबंधी विस्तृत जांच कर सेवा से बर्खास्त करने एवं प्रमेश्वर वर्मा कार्यक्रम अधिकारी न्यूनतम पद में रहते हुए अच्च पद पर लाभ लेने व




फर्जी व गलत तरीके से अनुभव का लाभ लेकर नौकरी करने से सेवा से बर्खास्त करने, महेशराम प्रधान लाटापारा द्वारा शिक्षक वर्ग तीन के संबंध में, दीपिका नुरेटी ग्राम मुरनार द्वारा नक्सली हिंसा में मारे गये आम नागरिकों के वारिशान को शासन की पूनर्वास योजना के तहत नौकरी प्रदाय करने, नीलमणी ठाकुर गुडरीपारा वार्ड क्रमांक 05 द्वारा सेलून दूकान संचालन करने, मोहनसिंह एवं सोनारूराम कोहकामेटा 23 पटेलपारा मुरनार द्वारा सहायक ग्रेड 02 पद में पदीकित कराने के संबंध एवं समस्त प्रार्थीगण ग्राम कोचवाही कुकड़ाझोर, गोटा जम्हरी के किसान द्वारा अन्य ग्रामों के समकक्ष मुआवजा प्रदाय करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला चेम्बर द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए धर्मार्थ दंत चिकित्सा जांच अभियान का सफल समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने जानकारी दी कि क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण बच्चों के लिए मुफ्त दंत चिकित्सा जांच प्रदान करने के उद्देश्य से यह अभियान, बहुत सावधानी और सटीकता के साथ रायपुर और आसपास के क्षेत्रों जैसे- 27 जनवरी को वृन्दावन सिविल लाईन, 29 जनवरी को अर्पण दिव्यांग स्कूल, 1 फरवरी को स्पीच थेरेपी सेंटर सप्रे स्कूल, कोपलवाणी संतोष अग्रवाल ग्रोथ एकेडमी विधान सभा रोड, अनुपम नगर के उन बच्चों तक पहुँचाया गया जो अक्सर स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली से वंचित होते हैं।

श्रीमती अरोरा ने बताया कि डेंटल चेक-अप अभियान प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. प्रिया सराफकी विशेषज्ञता के अंतर्गत चलाया गया, जिन्होंने आवश्यक दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए




विशेष रूप से सुसज्जित अत्याधुनिक मोबाइल डेंटल वैन में चेक-अप किया। । अभियान के उद्देश्य के अनुसार बच्चों को आरामदायक, परिचित और सुलभ तरीके से बेहद आवश्यक दंत चिकित्सा सुविधा प्रदान किया गया। इस अभियान की कल्पना महिला चेम्बर के दृष्टिकोण से की गई थी, जिन्होंने हमेशा सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। महिला चेम्बर ने विकलांग बच्चों के सामने आने वाली दंत स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया, एक ऐसा समूह जिसे अक्सर मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती।

महिला चेंबर प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने कहा कि यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी में हमारे मूल विश्वास को दर्शाती है। हमने प्रत्यक्ष रूप से उन कठिनाइयों को देखा है जिनका विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को स्वास्थ्य देखभाल, विशेषकर दंत चिकित्सा सेवाओं तक पहुँचने में सामना करना पड़ता है। हम डॉ. प्रिया सराफ की भागीदारी और विशेषज्ञता के साथ-साथ उन समर्पित स्वयंसेवकों के लिए आभारी हैं जिन्होंने इस प्रयास का समर्थन किया है। यह अभियान एक अधिक समावेशी और दयालु समुदाय बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

महिला चेम्बर की पहल न केवल मुफ्त दंत जांच की पेशकश पर केंद्रित है, बल्कि इसमें नियमित दंत चिकित्सा देखभाल और अच्छी मौखिक स्वच्छता प्रथाओं के महत्व के बारे में माता-पिता और देखभाल करने वालों को शिक्षित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल हैं। टीम ने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य में दंत समस्याओं को कम करने के लिए निवारक देखभाल कैसे आवश्यक है, खासकर उन बच्चों के लिए जो अपनी परेशानी व्यक्त करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं।

श्रीमती मधु अरोरा ने आगे कहा कि अभियान के सबसे प्रभावशाली पहलुओं में से एक मोबाइल डेंटल वैन का उपयोग था, एक पूरी तरह से सुसज्जित सुविधा जिसने मेडिकल टीम को जरूरतमंद परिवारों के दरवाजे तक सीधे स्वास्थ्य सेवा लाने की अनुमति दी। डॉ. प्रिया सराफद्वारा संचालित मोबाइल यूनिट ने नियमित जांच और सफाई से लेकर अधिक गंभीर स्थितियों की पहचान तक दंत चिकित्सा सेवाओं की एक श्रृंखला की पेशकश की, जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता थी।

डॉ. प्रिया सराफ ने बताया कि हम उन क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंचने में सक्षम थे जहां दंत चिकित्सालयों तक पहुंच सीमित है। मोबाइल डेंटल वैन ने हमें ऐसी सेटिंग में देखभाल प्रदान करने की अनुमति दी जो बच्चों के लिए आरामदायक थी, जो विशेष जरूरतों वाले बच्चों के साथ व्यवहार करते समय महत्वपूर्ण है। उनके जीवन मंद सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम होना एक अविश्वसनीय रूप से पुरस्कृत अनुभव है। डेंटल टीम ने देखभाल करने वालों को शैक्षिक सामग्री और संसाधन भी प्रदान किए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि परिवार बच्चों के दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से लैस थे।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने मानकीकरण पर अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों के साथ सहयोग को मजबूत किया

**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मानकीकरण के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च स्तरीय गोलमेज चर्चा की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में इन क्षेत्रों के 25 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और प्रतिनिधियों के साथ-साथ विदेश मंत्रालय और उपभोक्ता मामलों के विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। उपभोक्ता मामलों की सचिव श्रीमती निधि खरे और बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस चर्चा का नेतृत्व किया।

उपभोक्ता मामलों की सचिव ने बीआईएस के व्यापक मानक तंत्र की सराहना की जो सीमाओं के पार निर्बाध व्यापार की सुविधा प्रदान करते हुए उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे को



मजबूत करने के लिए मानकों में सामंजस्य स्थापित करने पर बल दिया। श्रीमती खरे ने कहा कि बीआईएस अनुकूलता, सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले मानक निर्धारित करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता और तकनीकी एवं प्रशासनिक दोनों स्तरों पर आईएसओ व आईईसी में इसकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। मानकीकरण में सात दशकों की विशेषज्ञता के साथ बीआईएस इस क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है।

बीआईएस आईटीईसी कार्यक्रम के तहत विकासशील देशों के लिए कैसे क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, उन्होंने इस पर भी प्रकाश डाला। अब तक 30 अफ्रीकी राष्ट्र और 10 लैटिन अमेरिकी देश इन पहलों से लाभान्वित हुए हैं। इसके अतिरिक्त बीआईएस ने ज्ञान साझाकरण और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के लिए इन देशों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

सचिव ने किसी भी इच्छुक देश को सहयोग देने के लिए बीआईएस की प्रतिबद्धता दोहराई और मानकीकरण सिद्धांतों तथा क्षेत्र-विशिष्ट मामलों पर मदद की पेशकश की। संगठन ने राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) और राष्ट्रीय विद्युत संहिता (एनईसी) के लिए व्यापक कोड भी विकसित किए हैं, जो सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और विशेषज्ञता वाले विकासशील देश, सामंजस्य के माध्यम से भारतीय मानकों को अपना सकते हैं और बीआईएस द्वारा विकसित अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठा सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बीआईएस द्वारा किए गए प्रयासों और सहायता की सराहना की। प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय मानक निकायों (एनएसबी) के साथ सहयोग से ऐसे और अधिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया। अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों ने बीआईएस के साथ आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने और अपने मानकीकरण ढांचे को मजबूत करने में गहरी रुचि दिखाई।

## बसंत पंचमी के अवसर पर ग्रंथालय विभाग द्वारा की गई प्रेरणादायक पुस्तकों की प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ग्रंथालय विभाग द्वारा बसंत पंचमी एवं माँ सरस्वती पूजनोत्सव के अवसर पर भव्य पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुस्तकों की प्रदर्शनी का उद्घाटन



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.आर. कुंजाम तथा आईक्यूएसी प्रभारी आर. के. यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्र छात्राओं तथा महाविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने विषय से हटकर अन्य पुस्तकों का अध्ययन नियमित रूप से करने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के लाइब्रेरियन संजय कुमार पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को उनके कोर्स के अतिरिक्त ग्रंथालय में उपलब्ध अन्य प्रेरणादायक एवं प्रतियोगी पुस्तकों के बारे में अवगत कराना है। पुस्तकें हमें असफलताओं से प्रेरणा लेने और सही मार्ग दिखलाने में सहायक है। पुस्तकों के अध्ययन से हमारे मस्तिष्क में नए विचारों का आगमन होता है जो जीवन मे आने वाली परेशानियों तथा चुनौतियों का बिना डरे एवं घबराएं सामना करने की शक्ति प्रदान करती है। नियमित रूप से प्रेरणादायक पुस्तकों का अध्ययन हमारे मानसिक विकास तथा मस्तिष्क के सोचने, समझने और कार्यकुशलता में वृद्धि करने में सहायक है। पुस्तकें हमारे रोजमर्रा के जीवन मे होने वाले तनाव प्रबंधन में भी सहायक होती है। इस अवसर पर ग्रंथालय में सुधा मूर्ति, एपीजे अब्दुल कलाम, मुंशी प्रेमचंद, रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, शिव खेड़ा, तुलसीदास जैसे लेखकों के साथ ही बस्तर की जनजातियों पर लिखित विशेष पुस्तकों तथा समय प्रबंधन, असफल होना जरूरी क्यो, प्रेरणादायक विचार और भौतिकी की रोचक बातें जैसी पुस्तकें प्रदर्शित की गई।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# जशपुर पुलिस ने पकड़ा 45 लाख रुपए का गांजा बाइक पर हो रही थी तस्करी, एमपी के हैं आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। जिले की कुनकुरी पुलिस ने लगभग 45 लाख रुपए का 1क्विंटल 26 किलो गांजा जब्त किया है। मुखबिर की पुख्ता सूचना के बाद पुलिस ने नाकेबंदी की थी। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार को कुनकुरी क्षेत्र में दूसरे को थाना नारायण पुर क्षेत्र में पकड़ा। आरोपियों के विरुद्ध थाना कुनकुरी व थाना नारायणपुर में 20(B) एन डी पी एस एक्ट के तहत् अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



बता दें जशपुर एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान कुनकुरी पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे में वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी एक मोटर साइकल हीरो डिलक्स क्रमांक MP 38 ZB 9254 जिसके पीछे एक बड़ा सा बंडल नुमा कंबल बांध कर रखा गया था। देखने में फेरी वाला जैसे लग रहा था, पुलिस को संदेह होने पर जब मोटर साइकल चालक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम जितेंद्र सिंह, निवासी भोपाल मध्यप्रदेश का होना बताया और चतरा झारखंड जाने की बात कही। जब मोटर साइकल में बंधे सामान के बारे में पूछा गया, तो वह घबराकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस के द्वारा तत्काल घेरा बंदी कर पकड़ लिया गया। मोटर साइकल में बंधे सामान की तलाशी ली गई तो उसमे टीन के डब्बे में भूरे रंग की प्लास्टिक टेप से लिपटा 24 नग पैकेट मिला, जिसका वजन 53 किलो था, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 19 लाख के है। पुलिस के पूछताछ में आरोपी जितेंद्र ने बताया कि उसके साथ एक और व्यक्ति भवानी सिंह भी मोटर साइकल से गांजा लेकर आ रहा है और वह नारायणपुर की ओर गया है।

इसके बाद थाना नारायणपुर को सूचित कर दूसरे आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा सूचना पर तत्काल नाकेबंदी कर वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही थी। बनकोम्बो की ओर से संदिग्ध काले रंग का मोटर साइकिल आता दिखाई दिया। जिसके पीछे सीट पर कंबल का गट्टा बंधा हुआ था, जो की पुलिस को देखकर वापस भागने लगा, जिसे नारायणपुर पुलिस द्वारा तत्काल घेरा बंदी कर कब्जे में लिया। संदिग्ध से पूछताछ पर अपना नाम भवानी पवार पिता गुलाब पवार उम्र 26 वर्ष निवासी सामुनिया, थाना हरण गांव जिला देवास (मध्यप्रदेश) का होना बताया।

जब मोटर साइकल में बंधे सामान की तलाशी लेने पर उसमे टीन के ट्रे नुमा सांचे में भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ नग 30 नग मादक पदार्थ गांजा का पैकेट मिला, जिसका वजन 73 किलो है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 26 लाख रुपए के करीब है। इस प्रकार पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के कब्जे से 54 पैकेट लगभग 45 लाख रु का 01 क्विंटल 26 किलो मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर लिया गया है साथ ही तस्करी में उपयोग किया गया दो नग मोटर साइकल को भी जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों जितेंद्र सिंह व भवानी पवार के विरुद्ध थाना कुनकुरी व थाना नारायणपुर में 20(B) एन डी पी एस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

उल्लेखनीय है कि दस दिन पहले मुखबीर की सूचना पर जशपुर पुलिस द्वारा तपकरा थाने क्षेत्र में उड़ीसा से स्विफ्ट कार में गांजा लेकर आ रहे तस्करों से 01 क्विंटल गांजा को जप्त किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने उक्त मामले में बताया कि पिछले एक महीने में जशपुर पुलिस के द्वारा चार प्रकरणों में ढाई क्विंटल गांजा पकड़ा गया है। नशे के सौदागरों के खिलाफ जशपुर पुलिस ने अभियान छेड़ा है। मुखबिरी तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं मादक पदार्थ गांजा की बरामदगी में थाना प्रभारी कुनकुरी उप निरीक्षक सुनील सिंह, थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, उप निरीक्षक संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक ढालेश्वर राम, आरक्षक नंदलाल यादव, सुरेंद्र माली, ओमप्रकाश, निरोज कुजूर, जितेंद्र गुप्ता, अजय श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## पार्ट टाइम जॉब दिलाने का झांसा देकर 9 लाख 21 हजार 563 रुपये की ठगी

**रायपुर।** अज्ञात व्यक्ति ने पार्ट टाइम जॉब दिलाने का झांसा देकर पखवाड़े भर में सिलिन लाइन के रहने वाले वैभव सिंह पटेल से 9 लाख 21 हजार 563 रुपये ठग लिए। सिविल लाइन पुलिस ने पटेल द्वारा दिए गए मोबाइल नम्बर और एप लिंक की जांच पड़ताल कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

वैभव सिह पटेल ने पुलिस को बताया कि तरूण नगर अवनी टीव्हीएस शोरूम के पास रहता है। 28 से 9 दिसम्बर 2024 के बीच उसके वॉटसअप और टेलीग्राम पर अज्ञात मोबाइल नम्बर 9170671769 से मैसेज आया था जिसमें अज्ञात ने मैसेज के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन जॉब का ऑफर दिया था। इसके बाद आरोपी ने फोन कर टास्क पूरा करने और इन्वेस्ट करने पर डबल मुनाफ होने का लालच दिया। वैभव उसकी बातों में आ गया और उसके भेजे गए लिंक के माध्यम से एसर एप बुकिंग एप डाउन लोड करा कर 90 होटल बुक करने पर बोनस मिलने और गोल्ड सुट पर पैसा ईन्वेस्ट करने से पैसे डबल होने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में 9 लाख 21 हजार 563 रूपए को धोखे से अपने खाता में जमा करा लिए। बाद में पैसा विथड्राल करने पर नहीं हुआ। अज्ञात इसके लिए और पैसों की मांग करने लगा। जिस पर वैभव को ठगी होने का एहसास हुआ और उसने इसकी शिकायत साइबर सेल में की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 318-4 का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## खास खबर



### कांकेर में मुठभेड़ : सुरक्षाबलों को मिली सफलता, एक माओवादी ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक मावोवादी को मार गिराया है। इलाके में सर्च के दौरान एक एसएलआर राइफल और नक्सली समाग्री भी बरामद हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस ने बताया कि 2 फरवरी को जिला कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी उत्तर बस्तर-माड़ डिवीजन के सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नक्सली विरोधी अभियान के लिए निकली थी। अभियान के दौरान संयुक्त टीम एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। घटना स्थल सर्च करने पर वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि अभी भी क्षेत्र में अभी सर्चिंग अभियान जारी है।

### केक काटने के दौरान हुआ विवाद, चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बिलासपुर में पुरानी रंजिश के चलते बदमाशों ने मिलकर दूसरे गुट के युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की



अतड़ियां निकल आई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में घायल तीन युवकों अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घायल पक्ष के युवक जन्मदिन पर केक काट रहे थे। उसी समय हमलावर पहुंच गए और विवाद शुरू कर दिया। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

अशोक नगर मुरुम खदान निवासी श्रवण साहू अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रहा था। सभी वहां केक काटने की तैयारी में थे। उसी समय रिंकू खान, मुन्नू खान और बौना खान सहित 8-10 लड़के पहुंच गए। पुरानी रंजिश के लेकर उन्होंने श्रवण व उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान रिंकू, मुन्नू और बौना ने चाकू निकाल कर श्रवण और उसके साथियों पर हमला कर दिया। वो संभल पाते कि चाकू सीधे श्रवण के पेट में घुसा दिया, जिससे खून से लथपथ श्रवण की अतड़ियां बाहर आ गई। इस हमले में उसके दो अन्य साथियों को भी चोटें आई है। इसके बाद हमलावर युवक भाग गए। घायलों के अन्य साथियों ने तीनों को तत्काल सिम्स में भर्ती कराया। श्रवण की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं दो अन्य की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है।

### नर्सिंग छात्रा ने किया सुसाइड, फंदे पर मिली लाश

**अंबिकापुर।** नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के केदारपुर की है। सुसाइड करने वाली छात्रा ग्राम रेवापुर के आश्रित ग्राम लवाईडीह की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतका अंबिकापुर के केदारपुर मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। फिलहाल फांसी लगाने के कारण का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### धान खरीदी में गड़बड़ी, 60 लाख से अधिक रुपये की वसूली


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी केंद्र में वसूली का मामला सामने आया है। समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारी पर 60 लाख से अधिक रुपये की वसूली का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। धान खरीदी में गड़बड़ी के मामले में कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कटघोरा इलाके के अखरापाली धान खरीदी केंद्र में 60 लाख 53 हजार 680 रुपये की अनियमितता उजागर होने के बाद समिति प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद अनंत और फड़ प्रभारी हितेंद्र कुमार के खिलाफ वसूली और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। धान खरीदी में गड़बड़ी और धान की अफरा-तफरी के मामले में कार्रवाई कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर की गई है।

# ट्रैफिक पुलिस ने रोका तो खुद को एसीबी का अफसर बताया, जांच में निकला फर्जी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान नेहरू नगर चौक पर एक कार को रोकने पर उसमें बैठे शख्स ने खुद को एसीबी का अफसर बताया और आईडी कार्ड भी दिखाई। यातायात विभाग के अधिकारी को शक हुआ तो आईकार्ड की जांच की जो कि फर्जी निकला। यातायात पुलिस ने वाहन चालक को आगे की कार्रवाई के लिए सुपेला थाने को सौंप दिया। वहीं एक अन्य मामले में हुडको में लापरवाही पूर्वक कार चलाने वाले पर भी कार्रवाई की गई।

बता दें यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार संदिग्ध गतिविधि वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस लगातार ऐसे वाहन चालको नजर रखी है जो जानबूझकर चार पहिया वाहनों में ब्लेक फिल्म, पुलिस सायरन, वाहन में पदनाम लिखकर वाहन चलाते, फर्जी आई कार्ड दिखाते हुए धौस जमाने का कार्य करने वाले पर सख्त कार्यवाही की जा रही है।




सोमवार को को यातायात पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान नेहरू नगर चौक पर वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 7335 वाहन चालक को रोकने पर वाहन का कागजात एवं लायसेंस दिखाने कहा गया। वाहन चालक सन्नी जैन पता शांति नगर सुपेला निवासी के द्वारा अपने आप को एसीबी का अधिकारी बताया और मोबाइल में फर्जी आई कार्ड दिखाने लगा। शंका होने से पूछताछ करने पर आई कार्ड फर्जी होना एवं पुलिस को गुमराह करने अपराध की श्रेणी होने पर वाहन एवं चालक दोनो को अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना सुपेला के सुपुर्द किया गया ।

ऐसे ही विगत दिनों यातायात पुलिस को एक कार चालक हुडको क्षेत्र में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ था। जिसमें वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन को चलाते दिखा साथ ही एक महिला जो रोकने का प्रयास कर रही थी उक्त महिला को ठोकर मारकर भागते दिखने पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन व वाहन मालिक का पता लगाया। नियमों के तहत वाहन चालक 3000 रुपए जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार वाहन क्रमांक सीजी 07 एमआर 5674 वाहन चालक के द्वारा वाहन में ब्लेक फिल्म एवं पुलिस का सायरन उपयोग करते सिविक सेन्टर क्षेत्र में पाये जाने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु यातायात कार्यालय नेहरू नगर लाया गया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 6000 रुपए चालान किया गया।

# बेमेतरा में युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर; दो आरोपी गिरफ्तार और अन्य फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** साजा थाना क्षेत्र के एक युवक के ऊपर चाकू से कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। युवक की हालत गंभीर है। इस मामले में सोमवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अन्य आरोपी फरार है।

साजा थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा ने बताया कि पीड़ित पवन साहू (21) पुत्र खेलू साहू निवासी साजा ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आरोपी शुभम वर्मा, मोनू साहू समेत अन्य दो लोगों ने उसके साथी अरुण यादव के ऊपर चाकू से हमला किया है। घायल अरुण को शासकीय अस्पताल साजा में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण बेमेतरा के अस्पताल में



रेफर किया।

वहीं, बेमेतरा में स्थिति में कोई सुधार नहीं हुई। आनन-फानन में अरुण को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में रेफर कर भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी शुभम वर्मा पुत्र (19) निवासी साजा व ओमप्रकाश साहू ऊर्फ मोनू साहू पुत्र रामप्रसाद साहू (23) निवासी ग्राम भरतपुर थाना साजा को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो अन्य आरोपी की पता तलाश जारी हैं। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 296, 351 (3), 115 (2), 3(5)बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

# कोलर हत्याकांड का खुलासा, मृतका का पूर्व प्रेमी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोलर हत्याकांड का खुलासा हो गया है। पुलिस ने बताया कि जयकुमार यादव निवासी ग्राम कोलर रावण चौक वार्ड नंबर 19 थाना अभनपुर ने थाना अभनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी पत्नि धनेश्वरी यादव व दो पुत्रों के साथ रहता है तथा कल्पतरु फैक्ट्री कोलर में क्वालिटी ऑपरेटर का काम करता है।

प्रार्थी 27 जनवरी 2025 को अपने कंपनी के काम से नागपुर गया हुआ था उसकी पत्नि और दोनों बच्चे घर में ही थे। 28 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रार्थी का अपनी पत्नी धनेश्वरी से फोन से बात हुआ था शाम करीब 5 बजे उसका पुत्र प्रार्थी को फोन कर बताया कि उसकी मां धनेश्वरी घर पर नहीं है। प्रार्थी अपने मोहल्ले के घर के आसपास रहने वाले परिवार के लोगों से फोन से जानकारी लिया तो उसकी पत्नि धनेश्वरी का कोई पता नहीं चलने पर नागपुर से वापस आने पश्चात् परिवार में फोन से संपर्क पता करने पर कोई पता नहीं चला। इसी दौरान प्रार्थी को मोबाईल फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि एक महिला का शव पड़ोसी उत्तम साहू पिता हरख साहू के मकान के कमरे में पड़ा है।

प्रार्थी अपने परिवार के सदस्यों व मकान स्वामी हरखराम साहू के साथ



देखा तो उसकी पत्नी धनेश्वरी यादव का शव बिना वस्त्र के दोनों हाथ खाट के पाटी में बंधी थी, सिर व चेहरा खून से सना था एवं सिर में संघातिक चोट थी। लगभग 03 वर्ष पूर्व प्रार्थी की पत्नी को इसी मकान में रहने वाले उत्तम साहू द्वारा मोबाईल फोन से अनावश्यक कॉल करने पता चलने पर प्रार्थी द्वारा उत्तम साहू को कड़ी समझाईश दिया गया था, तो उत्तम साहू माफी मांग कर भविष्य में कभी ऐसी बात न करने कहा था। प्रार्थी की पत्नि धनेश्वरी यादव का शव इसी के मकान के कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला था, संदेह था कि उत्तम साहू ने ही किसी ठोस वस्तु से धनेश्वरी यादव के सिर में मारकर उसकी हत्या कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 29/25 धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान मृतिका एवं संदेही उत्तम साहू के प्रेम संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। चूंकि उत्तम साहू घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उत्तम साहू की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। उत्तम साहू के संबंध में मुखबीर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से भी उसकी पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थे। आरोपी उत्तम साहू बहुत ही शातिर किस्म का है जो पुलिस को गुमराह करने एवं स्वयं का बचाव करने हेतु बार-बार अपना लोकेशन बदलता था। इसी दौरान आरोपी की उडीसा के पुरी में होने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्य उडीसा के पुरी रवाना होकर आरोपी की पतासाजी करते हुये अंततः आरोपी उत्तम साहू को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी उत्तम साहू ने बताया कि उसका मृतिका धनेश्वरी यादव के साथ पूर्व में प्रेम संबंध था, कि मृतिका उसके साथ प्रेम संबंध को समाप्त कर दी थी। जिस पर आरोपी ने मृतिका को अंतिम बार मिलने हेतु अपने घर बुलाया, तो मृतिका आरोपी से मिलने उसके घर गयी थी इसी दौरान आरोपी प्रेम संबंध को लगातार जारी रखने मृतिका पर दबाब बना रहा था मृतिका द्वारा नहीं मानने पर आरोपी उत्तम साहू आवेश में आकर पास रखें लोहे के पाईप से मृतिका धनेश्वरी यादव के सिर पर लगातार वार कर मारकर उसकी हत्या कर दिया एवं फरार हो गया। आरोपी उत्तम साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाईप जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

## म्यार में लटकी मिली युवती की लाश

**रायगढ़ (ए.)।** एक मामला सामने आया है। जिसमें एक युवती ने घर के म्यार में फांसी लगाकर जान दे दी। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच की। तब पता चला युवती को ब्लैकमेलिंग कर रूपए मांगा जा रहा था। जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना छाल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 18 वर्षीय युवती ने 5 अक्टूबर 2023 को अपने घर के परछी के म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी जानकारी परिजनों ने थाना में दी। जिसके बाद मामले में पुलिस मर्ग कायम जांच कर रही थी।

जांच में पता चला कि युवती अपने दोस्त के साथ घूमने के लिए बोतल्दा रॉक गार्डन गई थी। तभी किसी अज्ञात युवक ने उसका आपत्तिजनक विडियो बना लिया। इसके बाद अज्ञात युवक द्वारा युवती को फोन कर 10 हजार रुपए की मांग करते हुए ब्लैकमेल करने लगा। लगातार रूपए की डिमांड से युवती परेशान हो गई और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच के बाद मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध धारा 306 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

**Urgent Requirements**

**Profile:** Senior Accountant.Job
**Types:** Full-time, Permanent,
**Experience:** 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
**Working Time:-** 10.00am To 7.00Pm
**Qualification:** Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).

**Cont. No. 6232 926 014**












# गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आदिवासी समाज को मिला सत्य सनातन धर्म का बोध - मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। यह हम सभी के लिए अत्यधिक गौरव का विषय है कि हम इस पवित्र स्थल पर एकत्रित होकर परम पूज्य संत गहिरा गुरु जी और माता पूर्णिमा जी के योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता पूर्णिमा जी का जीवन पूरी तरह से त्याग, तपस्या और समाज सेवा की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत करता है। उनका विग्रह समाज के कल्याण के प्रति उनके अडिग समर्पण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज श्रीकोट आश्रम बलरामपुर में परम पूज्य संत गहिरा गुरु की धर्मपत्नी पूर्णिमा जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के विशेष अवसर पर यह बात कही।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संत गहिरा गुरु जी ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी समाज की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने दीन-हीन और असहायों की सेवा को अपना परम धर्म माना और सत्य, शांति, दया और क्षमा के सिद्धांतों को धर्म के अमूल्य स्तंभ के रूप में स्थापित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने संत गहिरा गुरु जी द्वारा आदिवासी समुदायों के उत्थान में दिए गए अतुलनीय योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को इस पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी और उन्हें आह्वान किया कि वे माता पूर्णिमा जी और संत गहिरा गुरु जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हुए समाज को एक नई दिशा देने हेतु मनोयोग से जुट जाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यहां आने पर मुझे माता के विग्रह के दर्शन सौभाग्य मिला, उनका सजीव और मनोरम विग्रह देखकर ऐसा लगा मानो किस क्षण वह बोल उठे। श्री साय ने गहिरा गुरु जी का स्मरण करते हुए कहा कि गहिरा गुरु जी आदिवासी समाज के बड़े संत हुए, जिनके उपदेशों और कथनों के जरिए पूरे समाज ने सत्य सनातन धर्म का महत्त्व जाना। उन्होंने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से पिछड़े हुए आदिवासी समुदाय के जीवन में गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सुधार आया।

श्री साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि गहिरा गुरु समाज का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा। रायगढ़ के सांसद रहते गहिरा गुरु महाराज के जन्म ग्राम को गोद लेकर उसका विकास करने का सौभाग्य मिला। आज उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज आगे बढ़ रहा है। जगह-जगह संस्कृत महाविद्यालय खुल रहे हैं और आदिवासी समाज लगातार आगे बढ़ रहा है। समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जागरूकता, समय पर जांच और सही उपचार ही कैंसर से बचाव का मंत्र - मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 4 फ़रवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच व उपचार कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और प्रभावी इलाज के प्रति जनमानस को जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शासकीय अस्पतालों में कैंसर की जांच और उपचार की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे मरीजों को सुलभ और किफ़ायती इलाज मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जागरूकता, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर से बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अस्वस्थ जीवनशैली और खानपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की अपील की और कहा कि स्वस्थ जीवनशैली ही दीर्घायु और निरोगी जीवन का आधार है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नर्मदा जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 फ़रवरी को नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद समस्त जीवों के कल्याण के लिए है। नर्मदा नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और समृद्धि की प्रतीक है। मां नर्मदा की निर्मल धारा जीवनदायिनी है और हमें जल संरक्षण का संदेश देती है। इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि जल संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत प्रयास करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में बना धान खरीदी में नया कीर्तिमान : 149.25 लाख मीट्रिक टन की हुई खरीदी, महासमुंद सबसे आगे

### 25.49 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान, 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का हुआ भुगतान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इसमें मोटा धान 81.98 लाख मीट्रिक टन, पतला धान 10.75 लाख मीट्रिक टन और सरना धान 56.52 लाख मीट्रिक टन शामिल है। धान की यह खरीदी राज्य बनने के बाद का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।



महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर है। वहीं बेमेतरा जिला 9.38 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर दूसरा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिला 8.56 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर तीसरा स्थान हासिल की है। बता दें छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने धान विक्रय किया। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 31 हजार 89 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के साथ ही कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 123 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान उठाव पंजीकृत 4102 राइस मिलरों के जरिए धान का उठाव निरंतर किया जा रहा है। विगत वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले में 27 लाख 60 हजार 712 क्विंटल, बीजापुर में 11 लाख 97 हजार 888 क्विंटल, दंतेवाड़ा जिले में 03 लाख 34 हजार 315 क्विंटल, कांकेर जिले में 53 लाख 14 हजार 290 क्विंटल, कोण्डागांव जिले में 31 लाख 24 हजार 810 क्विंटल, नारायणपुर जिले में 03 लाख 80 हजार 758 क्विंटल, सुकमा जिले में 9 लाख 29 हजार 389 क्विंटल, बिलासपुर जिले में 69 लाख 19 हजार 834 क्विंटल, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 14 लाख 05 हजार 797 क्विंटल, जांजगीर-चांपा जिले में 63 लाख 27 हजार 930 क्विंटल, कोरबा जिले में 29 लाख 15 हजार 548 क्विंटल, मुंगेली जिले में 55 लाख 60 हजार 324 क्विंटल, रायगढ़ जिले में 50 लाख 87 हजार 976 क्विंटल, सक्ती जिले में 51 लाख 37 हजार 411 क्विंटल और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 46 लाख 56 हजार 713 क्विंटल धान की खरीदी गई हैं।

इसी प्रकार बालोद जिले में 75 लाख 65 हजार 598 क्विंटल, दुर्ग जिले में 57 लाख 61 हजार 71 क्विंटल, कवर्धा जिले में 64 लाख 93 हजार 622 क्विंटल, राजनांदगांव जिले में 70 लाख 14 हजार 883 क्विंटल, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में 40 लाख 37 हजार 641 क्विंटल, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 2 लाख 22 हजार 426 क्विंटल, धमतरी जिले में 61 लाख 98 हजार 136 क्विंटल, गरियाबंद जिले में 53 लाख 53 हजार 499 क्विंटल, रायपुर जिले में 69 लाख 97 हजार 417 क्विंटल, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 29 लाख 70 हजार 361 क्विंटल, जशपुर जिले में 37 लाख 39 हजार 371 क्विंटल, कोरिया जिले में 12 लाख 84 हजार 751 क्विंटल, सरगुजा जिले में 36 लाख 46 हजार 903 क्विंटल, सूरजपुर जिले में 39 लाख 72 हजार 44 क्विंटल और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 9 लाख 69 हजार 895 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में हुआ ईवीएम का रेंडमाईजेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव के परिपेक्ष्य में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक इफ्फत आरा की उपस्थिति में ईवीएम का रेंडमाईजेशन हुआ। जिसमें सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत में कुल 240 वार्ड में कुल 1290 मतदान केन्द्र शामिल हैं। इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र में 2390 बैलेट यूनिट एवं 1290 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगें। साथ ही रिजर्व में 2140 बैलेट यूनिट और 610 कंट्रोल यूनिट रहेंगे।



नगर पालिक निगम रायपुर में 70 वार्ड में कुल 1095 मतदान केन्द्र हैं, यहां प्रति मतदान केन्द्र में 2 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र में 2190 बैलेट यूनिट एवं 1095 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगें। साथ ही रिजर्व में1260 बैलेट यूनिट और 225 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगर पालिका परिषद आरंग में 17 वार्ड में 25 मतदान केन्द्र हैं। यहां प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र में 25 बैलेट यूनिट एवं 25 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगें। साथ ही रिजर्व में 95 बैलेट यूनिट और 35 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा में 21 वार्ड में 26 मतदान केन्द्र हैं। यहां प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र में 26 बैलेट यूनिट एवं 26 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगें। साथ ही रिजर्व में 114 बैलेट यूनिट और 44 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद तिल्दा में 22 वार्ड में 31 मतदान केन्द्र हैं। जिनसे 04 वार्ड के 05 मतदान केन्द्रों में 02 बैलेट यूनिट तथा अन्य मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र 36 बैलेट यूनिट एवं 31 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगें। साथ ही रिजर्व में 114 बैलेट यूनिट और 49 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद मंदिर हसौद में 20 वार्ड में 23 मतदान केन्द्र हैं। यहां प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी।

इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र 23 बैलेट यूनिट एवं 23 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगें। साथ ही रिजर्व में 107 बैलेट यूनिट और 47 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद अभनपुर में 15 वार्ड में 15 मतदान केन्द्र हैं। यहां प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी।

# वार्डों में किया जा रहा ईव्हीएम का प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत आगामी 11 फ़रवरी को जिले के नगरनिगम धमतरी सहित पांचों नगर पंचायतों में मतदाताओं द्वारा महापौर, अध्यक्ष और पार्षदों के लिए वोट डाला जाएगा। नगरीय निकायों में मतदाताओं को ईव्हीएम के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया से अवगत कराने और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वार्डों में एक फ़रवरी से ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। आज नगरनिगम धमतरी के श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, औद्योगिक वार्ड, चमेली चौक स्थित पुत्री शाला और दानीटोला वार्ड में ईव्हीएम का प्रदर्शन किया गया। ईव्हीएम के संबंध में जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन में ईव्हीएम के माध्यम से वोट डाले जाएंगे, जिसमें कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट होगा। बैलेट यूनिट में ऊपरी हिस्से में महापौर और अध्यक्ष का सफेद रंग से प्रदर्शित होगा और नीचे पार्षद का गुलाबी रंग प्रदर्शित होगा। मतदाता महापौर, अध्यक्ष अथवा पार्षद में किसी को भी पहले अपना वोट दे सकता है। पहली बार ईव्हीएम का बटन दबाने पर छोटी बीप और दूसरी बार बटन दबाने पर लम्बी बीप की आवाज आएगी, तभी मतदान पूरा माना जाएगा। इसके साथ ही जिस वार्ड में पार्षद प्रत्याशियों की संख्या अधिक होगी, वहां एक अतिरिक्त बैलेट यूनिट मशीन लगाई जाएगी।

04 फ़रवरी को गोकुलपुर वार्ड स्थित सत्संग भवन, सदर दक्षिण वार्ड स्थित रानी बगीचा रंगमंच, बांसपारा वार्ड में नंदी चौक और पोस्ट ऑफिस वार्ड में साई मंदिर के पास ईव्हीएम का प्रदर्शन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनसीईआरटी परख नई दिल्ली के निर्देशानुसार पाँच दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड और प्रश्न पत्र टेम्पलेट के मानकीकरण पर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह प्रशिक्षण आगामी शिक्षा सत्र में राज्य के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों व शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार करेगा।




कार्यशाला के प्रथम दो दिवस 03 और 04 फ़रवरी 2025 को होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। वहीं 5 से 7 फ़रवरी तक प्रश्न पत्र टेम्पलेट मानकीकरण पर गहन चर्चा और प्रशिक्षण होगा। इस कार्यशाला में एनसीईआरटी परख के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंद्राणी भादुरी और तीन अन्य विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मंडल सचिव श्रीमती पुष्पा साहू ने कहा कि होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक मूल्यांकन का एक आधुनिक और समग्र दृष्टिकोण है, जो उनके सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होगा। प्रोफेसर इंद्राणी भादुरी ने डिजिटल अधिगम और माध्यमिक स्तर पर समतुल्यता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने समाज व समुदाय आधारित प्रोजेक्ट्स की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मंडल के उपसचिव श्री जे.के. अग्रवाल, डॉ. प्रदीप कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति शुक्ला, श्रीमती मनीषि सिंह, श्रीमती शिवा सोमवंशी, चंद्रप्रभा राहगडाले, अंशुमन कसेर, सिरीज पाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेस पर वर्कशॉप, आईएएस अफसरों को बताया कैसे कर सकते हैं सरकारी काम में उपयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) के द्वारा राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, बसवा राजु, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव कमल प्रीत सिंह, तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव एस.भारतीदासन, उर्जा विभाग के विशेष सचिव अंकित आनंद, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार, आईजी राम गोपाल गर्ग सहित 100 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान आईएएस अफ़सरों को सरकारी काम में एआई के इस्तेमाल व इसके लाभ की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका सिंह बारिक ने कहा कि तीव्र गति से परिवर्तित टेक्नालॉजी के इस दौर में राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन की पहुँच बनाने के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की जानकारी इस कार्यशाला में दी जायेगी। निहारिका सिंह बारिक ने कहा कि ए.आई. तकनीक हमारी सोच से अधिक गति से परिवर्तन ला रहा है । ए.आई. से हमारी अनेक समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है और शासकीय सेवा वितरण एवं नीति निर्माण में भी इसका प्रभावी उपयोग किया जा सकता है । इन्हीं कारणों से आज की इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्यशाला के प्रथम सत्र के समापन पर उपस्थित समस्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मालिक ने कहा कि एआई तकनीक का उपयोग शासन और प्रशासन में दक्षता बढाने एवं त्वरित निर्णय लेने में किया जा सकता है । इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शासकीय कार्यों में प्रौद्योगिकी के समुचित उपयोग को प्रोत्साहित करना है ।



### सबसे पहले टेक्सटाइल उद्योग में उपयोग

नई दिल्ली से आये एआई के विशेषज्ञ डॉ. शिवा कक्कर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व में सर्वप्रथम टेक्नॉलाजी का उपयोग टेक्सटाईल उद्योग में किया गया। वर्ष 2022 के पश्चात सम्पूर्ण विश्व में एआई तकनीक का तीव्र गति से विस्तार हुआ । डॉ. शिवा ने बताया कि पहले यह माना जाता रहा है कि तकनीक के प्रयोग से रोजगार के अवसर कम होते हैं , परंतु वास्तविकता यह है कि नवीन तकनीक के माध्यम से नवीन कौशल को ज्यादा रोजगार प्राप्त होता है । कार्यशाला में एआई तकनीक के श्रेष्ठ उपयोग की जानकारी देते हुए डॉ. शिवा कक्कर ने चैट जीपीटी, मैटा, गूगल नोट बुक एलएम जैसे अन्य प्रासंगिक एवं उपयोगी टूल्स की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### प्रतिमाह होंगी ऐसी कार्यशालाएं

कार्यशाला के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि चिप्स द्वारा इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के विभिन्न विषयों पर प्रतिमाह कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा । राज्य के विभाग अपने कार्यक्षेत्र से सम्बंधित विशेष विषयों का चयन कर चिप्स को सूचित करें तो उस विषय पर भी चिप्स द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शशांक पाण्डेय और संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुपम आशीष टोप्पो भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950